रोहतक
शुक्रवार 27 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 51
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 15.6

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में लश्कर के भर्ती मॉड्यूल का खुलासा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने श्रीनगर, गांदरबल और शोपियां जिलों में छापेमारी कर लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। जांच में सामने आया कि यह नेटवर्क पाकिस्तान और बांग्लादेश से संचालित हो रहा था। काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने गुरुवार को 10 स्थानों पर कोर्ट के आदेश के तहत तलाशी ली। यह कार्रवाई यूएपीए के तहत दर्ज केस में की गई। जांच में पता चला कि यह मॉड्यूल सीमा पार बैठे हैंडलर्स के साथ मिलकर काम कर रहा था और इसका नेटवर्क बांग्लादेश तक फैला हुआ था। *एजेंसी*

### नीरव मोदी को ब्रिटिश कोर्ट से करारा झटका

**लंदन।** लंदन हाई कोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के उस आवेदन को खारिज कर दिया,



जिसमें उन्होंने भारत प्रत्यर्पण के मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। नीरव मोदी पर भारत में करीब 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का आरोप है। कोर्ट में भारत की तरफ से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मजबूत दलीलें पेश कीं। अदालत ने साफ कहा कि नीरव मोदी का मामला दोबारा खोलने के लिए कोई खास या असाधारण कारण नहीं है। इस फैसले को भारत सरकार की बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है। *एजेंसी*

बंदर अब्बास क्षेत्र में एयर स्ट्राइक में मारा गया तंगसीरी

# होर्मुज बंद करने वाले ईरानी कमांडर को मारा : इजराइल

ईरान की धमकी, बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को भी बंद करेंगे

यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट, रेड सी को अरब सागर से जोड़ता

स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से जाते हैं

दुनिया की 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजर रही

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

इजराइल ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना चीफ अलिरेजा तंगसीरी को मारने का दावा किया है। इजराइल के



रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के बंदर अब्बास इलाके में हुई एयरस्ट्राइक में तंगसीरी मारे गए। इजराइली अधिकारियों के मुताबिक, तंगसीरी वही कमांडर थे जिन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की प्लानिंग की थी। हालांकि ईरान ने अभी तक तंगसीरी के मौत की पुष्टि नहीं की है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है।

*(संबंधित खबर पेज 10 पर)*

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी समझौते की धमकी, बोले*

## ईरान को गंभीर हो जाना चाहिए इससे पहले कि देर हो जाए : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को जल्द गंभीर होकर फैसला लेना होगा, वरना हालात ऐसे हो जाएंगे जहां से वापसी



संभव नहीं होगी। ट्रंप के इस बयान ने एक बार फिर वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है। इसी के साथ उन्होंने नाटो देशों पर भी निशाना साधा और सहयोग न करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग और अजीब हैं। वे हमसे डील करने के लिए भीख मांग रहे हैं, जो उन्हें करना चाहिए क्योंकि वो सैन्य रूप से खत्म हो चुके हैं और वापसी का कोई मौका उनके पास नहीं है, और फिर भी वे सबके सामने कहते हैं कि वे सिर्फ हमारे प्रस्ताव को देख रहे हैं। उन्हें जल्द ही गंभीर हो जाना चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, क्योंकि एक बार ऐसा हो गया, तो पीछे मुड़ना मुमकिन नहीं है, और यह अच्छा नहीं होगा।

### रोजाना 45 लाख बैरल तेल होता है ट्रांसपोर्ट

बाब-अल-मंदेब यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट को जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94 लाख करोड़ रुपये) का सामान इस रास्ते से गुजरता है। रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से ट्रांसपोर्ट होता है। हालांकि, इसे बंद करना ईरान के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह स्ट्रेट ईरान से करीब 2500 किमी दूर है। हालांकि यह यमन के पास स्थित है, जहां ईरान समर्थित हूती विद्रोही मौजूद हैं। पहले भी गाजा युद्ध के दौरान हूती ने ड्रोन और मिसाइल से जहाजों को निशाना बनाया था, जिससे रेड सी का ट्रैफिक प्रभावित हुआ था।

### यूएई में मारे गए 2 लोगों में एक भारतीय

अबू धाबी में मिसाइल के टुकड़े गिरने से मारे गए दो लोगों की पहचान हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मरने वाले दोनों लोग पाकिस्तान और भारत के नागरिक थे। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के बयान के मुताबिक, इस घटना में घायल हुए तीन लोगों में एक यूएई का, एक जॉर्डन का और एक भारत का नागरिक शामिल है।

### पुतिन बोले - ईरान युद्ध से कोविड जैसे हालात का खतरा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से कोविड



महामारी जैसे हालात हो सकते हैं। मॉस्को में बिजनेस लीडर्स से बातचीत में पुतिन ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी जंग के नतीजों का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो देश इस युद्ध में शामिल हैं, उन्हें भी इसके असर का अंदाजा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स, उत्पादन और सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। साथ ही तेल-गैस, धातु और उर्वरक सेक्टर की कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है।

## ईरान जंग पर मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्रियों से बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे।



केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा

आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया हमारे पास पर्याप्त तेल के भंडार हैं।

*केंद्र की अपील, अफवाह न फैलाएं*

## पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं, 60 दिन का तेल भंडार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई



कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है।

*प्रदेश के दो जिलों में तेल का संकट*

## हिसार-फतेहाबाद में टैंकर देरी से पहुंचने पर सप्लाई बाधित

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के हिसार और फतेहाबाद जिलों में अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल को लेकर दिक्कत शुरू हो गई है। फतेहाबाद में दोपहर को पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार दिखाई दी। हालांकि इसके पीछे का कारण तेल टैंकरों का देरी से पहुंचना बताया जा रहा है। दूसरी ओर पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि यदि रात तक डिपो से सप्लाई नहीं आई तो पेट्रोल और डीजल की दिक्कत शुरू हो जाएगी। उधर, नायरा पेट्रोलियम ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 प्रति लीटर महंगा किया है। नायरा के पंप पर अब पेट्रोल 100.06 और डीजल 90.64 प्रति लीटर मिल रहा है। पहले पेट्रोल 95.06 रुपए और डीजल के रेट 87.64 रुपये थे। हरियाणा पेट्रोलियम एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी का कहना है कि कल के बाद हालातों में उतार चढ़ाव नजर आएगा।

### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर महंगा किया



## 21 आईएएस और 42 एचसीएस की तबादला

चंडीगढ़। सरकार ने बुधवार देर रात 21 आईएएस और 42 एचसीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए। प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई जिलों व विभागों में जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। कई अधिकारियों को नई पोस्टिंग दी गई, जबकि कुछ को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

- अमित कुमार अग्रवाल, सदस्य सचिव, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (अतिरिक्त प्रभार)
- गीता भारती आयुक्त, हिसार मंडल
- रवि प्रकाश गुप्ता, आयुक्त, गुरुग्राम मंडल
- नरहरी सिंह बांगड़, प्रबंध निदेशक, कन्फेड
- सत्येंद्र दुहन, निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
- सतबीर सिंह, निदेशक, फायर सर्विसेज व सीईओ, आयुष्मान भारत हरियाणा
- वंदना डिसोदिया, अतिरिक्त सचिव, गृह विभाग व एमडी, एससी फाइनेंस कॉर्पोरेशन
- जयदीप कुमार, अतिरिक्त सचिव, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग
- लक्षित सरीन, एडीसी व जिला नगर आयुक्त, हांसी
- अंजलि श्रोतिया, एडीसी, फरीदाबाद नियुक्त किया
- अंकित कुमार चौकसे, एडीसी, पानीपत बनाया गया
- अर्पित सांगल, एडीसी व सीईओ, जिला परिषद, सिरसा
- शाश्वत सांगवान, निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय (अतिरिक्त प्रभार सहित)
- ज्योति, एडीसी व सीईओ,, जिला परिषद, नूंह
- उत्सव आनंद, एडीसी, हिसार
- डॉ. राहुल रैया, एडीसी करनाल नियुक्त किया अंकिता, एसडीएम, सांपला
- अभिनव सिवाच जिला नगर आयुक्त, झज्जर (अतिरिक्त प्रभार)
- कनिका गोयल, एसडीएम, अंबाला कैंट नियुक्त किया
- योगेश सैनी, एसडीएम, महेंद्रगढ़ बनाया गया
- रवि मीणा, एसडीएम झज्जर
- कमल प्रीत कौर, अतिरिक्त निदेशक, कौशल विकास विभाग
- पूजा चंवारिया, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम गुरुग्राम
- अजय चोपड़ा, एडीसी व सीईओ, जिला परिषद, सोनीपत
- निर्मल नगर, सीईओ, जिला परिषद, महेंद्रगढ़
- परमजीत चाहल, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम फरीदाबाद
- जितेंद्र कुमार, जोनल एडमिनिस्ट्रेटर, एचएसएएमबी, गुरुग्राम नियुक्त किया
- आशुतोष राजन, फ्लाइंग स्क्वाड अधिकारी, एक्साइज
- संजीव कुमार, डीटीओ , गुरुग्राम (अतिरिक्त प्रभार)
- प्रदीप अहलावत, सीईओ, जिला परिषद, चरखी दादरी
- वीरेंद्र सिंह, एसडीएम, चरखी दादरी नियुक्त किया
- सुमित सिहाग, एसडीएम, असंध लगाया गया
- प्रदीप कुमार, अतिरिक्त निदेशक, एचआईपीए
- विनेश कुमार, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त
- संजय कुमार, एसडीएम, कैथल नियुक्त किया
- सुरेंद्र लाठर, एस्टेट ऑफिसर, एचएसवीपी पंचकूला
- सुभाष चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट, चरखी दादरी
- विशाल, एसडीएम, बादली
- कपिल कुमार, जिला नगर आयुक्त, कैथल
- अशोक कुमार, उप सचिव, स्वास्थ्य विभाग
- दलजीत सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर, नगर निगम करनाल
- संदीप कुमार, एसडीएम, तोशाम नियुक्त किया
- धीरज चाहल, एमडी, शुगर मिल शाहाबाद
- हितेंद्र कुमार, एसडीएम, नॉर्थ गुरुग्राम नियुक्त किया
- परवीन कुमार, जिला नगर आयुक्त, फतेहाबाद
- नवदीप सिंह, एमडी, शुगर मिल पानीपत बनाया
- जीतेंद्र जोशी , ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग
- हरबीर सिंह , डीएमसी, भिवानी व चरखी दादरी
- प्रतीक हुड्डा, एस्टेट ऑफिसर, एचएसवीपी पानीपत
- अमित, एसडीएम, खरखौदा
- रामित यादव, एसडीएम, उचाना कलां नियुक्त किया
- सुभाष चंद्र-II, सीईओ, जिला परिषद, हिसार तैनाती
- अमन कुमार, एसडीएम, थानेसर का कार्यभार
- नसीब कुमार, ज्वाइंट डायरेक्टर, सामाजिक न्याय विभाग
- गुलजार मलिक, एमडी, शुगर मिल जींद तैनात किया
- अनमोल, एसडीएम, गोहाना
- देवेंद्र शर्मा, एसडीएम, करनाल
- आदित्य विक्रम, एसडीएम, नूंह में कार्यभार सौंपा
- रमन गुप्ता, एसडीएम, इंद्री
- सिमरन, सिटी मजिस्ट्रेट, सोनीपत नियुक्त किया
- ऋतु बंसिवाल, सिटी मजिस्ट्रेट, झज्जर बनाया गया
- पुनीत, ज्वाइंट कमिश्नर, नगर निगम मानेसर
- हिमांशु चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट, हांसी नियुक्त किया।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में बड़ा फैसला

# रबी सीजन की तैयारी तेज, 470 करोड़ से बैग खरीद को हरी झंडी

**नेगोसिएशन से 80 करोड़ की बचत, गेहूं के भंडारण में नहीं होगी परेशानी**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को यहां हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में रबी 2026-2027 सीजन के लिए भंडारण व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 550 करोड़ रुपये से जूट व अन्य बैगों की खरीद के दो एजेंडे थे, नेगोसिएशन करके 80 करोड़ रुपये बचाए गए। गेहूं के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए जूट बैगों तथा अन्य बैगों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से राज्य में अनाज भंडारण की क्षमता को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा किसानों से खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित रख-रखाव में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। यह खरीद प्रक्रिया खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके।

### मंडियों में सुविधाएं सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा और कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सीजन की तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि मंडियों में आने वाली फसल के प्रबंधन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बैठक में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में माथा टेका





चंडीगढ़ । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि असली दौलत गुरु के चरणों में और 'नाम' की कमाई में है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति गुरु के सानिध्य में ही मिलती है। मुख्यमंत्री वीरवार को पंजाब, लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में आयोजित समागम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बाबा घाला सिंह जी, अनेक संत-महापुरुषगण और देश-विदेश से पधारी साध संगत उपस्थित थी। मुख्यमंत्री ने समागम में उपस्थित संगत को दुर्गाष्टमी और रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री नानकसर साहिब वही पावन स्थान है, जिसकी नींव बाबा नंद सिंह जी महाराज ने अपने कठोर तप से रखी थी। उन्होंने भक्ति की उस जोत को जलाया, जिसकी लौ आज करोड़ों दिलों को रोशन कर रही है।

### आप और कांग्रेस में अंदरखाते बड़ी मिलीभगत : मुख्यमंत्री

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का अंदरखाते गठजोड़ है लेकिन पंजाब की जनता ने भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में समागम को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का परस्पर अंदरखाते गठजोड़ होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय दोनों पार्टियों अंदर खाते एक हो जाती हैं लेकिन हर बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है , इसमें पंजाब राज्य भी पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का अहम योगदान रहा है।

### फरीदाबाद निगम में फर्जी वर्क आर्डर घोटाला मामला

# जांच की अनुमति न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

चंडीगढ़। आखिरकार फरीदाबाद नगर निगम में बरसों पहले हुए फर्जी कार्य आदेश 12 करोड़ से ज्यादा के घोटाले को लेकर उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। नाराजगी जताते हुए अदालत ने अंतरिम आदेश में लिखा है, कि मामले को लंबित रखने और जांच की अनुमति नहीं दिए जाने पर हैरानी जताई गई है।

बिना काम कराए करोड़ों का भुगतान का मामला आने वाले दिनों में इस मामले में बचने वाले अफसरों की गले की फांस बन सकता है। यहां पर बता दें कि नगर निगम में फर्जी कार्य आदेश जारी कर करोड़ों रुपये के गबन का मामला काफी पहले ही तूल पकड़ गया था। इसमें गंभीर आरोप है कि बिना जमीन पर काम कराए ही ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया और अभिलेखों में फर्जी कार्य दर्शाए गए। 13 वर्क आर्डर का यह मामला वर्ष 2018 का है।


### संदिग्ध भुगतान की जांच करवाने के आदेश

उच्चतम न्यायालय की ओर से अंतरिम निर्देश जारी किए गए हैं। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को कई स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिसमें संदिग्ध भुगतान को लेकर निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने, दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस व्यवस्था बनाने के साथ ही इस तरह की शिकायतों को समय पर गंभीरता से लेने को कहा गया है, क्योंकि इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रारंभिक जांच प्रभावी नहीं रही और पारदर्शिता का अभाव दिखाई दिया है। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई नहीं हुई। अदालत ने इसे प्रशासनिक व्यवस्था की बड़ी विफलता माना। जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार नियमों को दरकिनार कर फर्जी कार्य आदेश जारी किए गए।

## राव नरेंद्र ने लगाया बारदाना घोटाले का आरोप

चंडीगढ़। महेंद्रगढ़ में सामने आए सरसों बारदाना घोटाले को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह मामला प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि किसानों की मेहनत और हक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खरीद प्रक्रिया में ही घोटाले हो रहे हैं। बारदाना जैसी बुनियादी व्यवस्था में गड़बड़ी यह साबित करती है कि सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि अगर समय रहते पारदर्शिता बरती जाती और निगरानी मजबूत होती, तो इस तरह के घोटाले सामने नहीं आते।

# देश के पास गैस और तेल का पर्याप्त भंडार, लोग धैर्य रखें : मनोहर लाल



करनाल। केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पेट्रोलियम और गैस आपूर्ति को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि यह केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का प्रभाव है। विभिन्न देशों के बीच चल रहे संघर्षों के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद भारत ने पहले से ही पर्याप्त तैयारी कर रखी है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने लंबी लाइनों और लोगों में चिंता को लेकर उन्होंने साफ कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। देश में पर्याप्त भंडार और विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। वर्तमान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और भविष्य में किसी कमी की आशंका नहीं है।

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ रहा देश

उन्होंने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि देश अब अपने संसाधनों पर भरोसा करना सीख रहा है। वैश्विक व्यापार अपनी जगह है, लेकिन भारत हर परिस्थिति में खुद को मजबूत और सक्षम बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री करनाल में आयोजित ई-दिशा बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ट्रेन से करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

## नरवाना : पूजा सामग्री विसर्जित करते दो भाई नहर में डूबे

नरवाना। शहर में वीरवार शाम को एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया जब नवरात्र की पूजा संपन्न होने पर दो बच्चे अपने पिता के साथ गुरथली रोड पर स्थित नहर में पूजा की सामग्री पानी में विसर्जित करने पहुंचे और एक बच्चे का अचानक पैर फिसल गया और वह नहर के तेज बहाव में डूबने लगा। अपनी भाई को पानी में डूबते देख दूसरे भाई ने भी नहर में छलांग लगा दी लेकिन नहर के तेज बहाव में वह भी अपने भाई को बचाने के प्रयास में डूब गया। यह सब पिता की आंखों के सामने हुआ। बच्चों के पिता को भी तैरना नहीं आता था। पिता ने शोर मचाया और मदद की गुहार लगाई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो बच्चे नहर में डूब चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों का सर्च अभियान शुरू किया।

# फैक्ट्री में गैस बंद करने पर श्रमिकों में खूनी संघर्ष, चाकूबाजी में तीन घायल

खरखौदा। सैदपुर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां गैस बंद करने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा खूनी संघर्ष में बदल गया। इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा और बाद में पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजेन्द्र सिंह निवासी धन्तौरिया जिला कासगंज उत्तरप्रदेश, हाल निवासी सैदपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 मार्च को दोपहर करीब 4 बजे फैक्ट्री में काम के दौरान गैस बंद करने को लेकर उसका सहकर्मी राकेश से विवाद हो गया था। उस समय अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया।

### घायल गंभीर हालत में पीजीआई रेफर

शाम करीब 7 बजे, जब राजेन्द्र अपने पिता नेपाल सिंह और माता रेखा के साथ फैक्ट्री में काम कर रहा था, तभी मोहित, विनय और राकेश ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि मोहित ने रेखा के सिर पर ईंट से वार किया, जिसके बाद तीनों आरोपी चाकू लेकर पीछे-पीछे आए और रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में नेपाल सिंह को पेट में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी आंत बाहर आ गई। जबकि राजेन्द्र को चार और रेखा को दो चोटें आई हैं। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, घायलों को तुरंत उपचार के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा लाया गया, जहां से उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। नेपाल सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आईसीयू में भर्ती है।

## नशे के खेप के साथ तस्कर काबू

फरीदाबाद। अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 5.600 किलोग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मार्च को अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाही करते हुए सुजीत सिंह वासी गांव बखरिया जिला पश्चिम चंपारण बिहार को नशे सहित सेक्टर-2 बाईपास रोड के पास से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना शहर बल्लभगढ में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा अलीगढ़ से लेकर आया था और दिल्ली बेचने के लिए जा रहा था। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## पंचकूला में एचआईवी वायरल लोड टेस्टिंग लैब खुलेगी

- प्रदेश में प्रतिवर्ष पंद्रह हजार एचआईवी के टेस्ट हो रहे
- लैब पर 1.65 करोड़ की लागत आएगी : मिश्रा

चंडीगढ़। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने पंचकूला के सिविल अस्पताल में एक एचआईवी वायरल लोड टेस्टिंग लैब स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही, हरियाणा में यह दूसरी समर्पित सुविधा होगी ,इस प्रकार की लैब की सुविधा पहले रोहतक में स्थित है, यह जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस लैब को सालाना 1.65 करोड़ रुपये की लागत पर मंजूरी दी गई है, जो सालाना लगभग 15,000 एचआईवी वायरल लोड टेस्ट के अनुमानित कार्यभार पर आधारित है। उन्होंने बताया कि इस नई लैब को पंचकूला के सिविल अस्पताल में पहले से मौजूद कोविड-19 मॉलिक्यूलर टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करके स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, एचआईवी वायरल लोड टेस्टिंग के लिए ज़रूरी अतिरिक्त उपकरण भी खरीदे जाएंगे। इस तरीके से यह सुनिश्चित होता है कि सुविधा को तेज़ी से चालू किया जा सके, और इसके लिए पूरी तरह से एक नया सेटअप बनाने की ज़रूरत न पड़े।

## राणा ने माता के दरबार में माथा टेका

पंचकूला। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आज पंचकूला स्थित ऐतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव ने परंपरागत तरीके से मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया। मुख्य मंदिर में दर्शन करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव, श्राइन बोर्ड की सचिव मौजूद रहीं।

# सरकारी खजाने में 'प्राइवेट' सेंधमारी से विभागों की नींद हराम, घोटाले की परतें खंगाल रही एसीबी

■ आईडीएफसी के बाद कोटक महिंद्रा में भी बड़ा खेल ■ विभागों ने की नियमों की अनदेखी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार दर्जनों विभागों का पैसा बंदरबांट करने और फर्जी एफडी के दस्तावेज थमाए जाने के बाद हर कोई हैरान है। खास बात यह है कि मात्र हरियाणा सरकार को ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ नगर निगम की बड़ी राशि को लेकर भी निजी बैकों ने खेल किया। मात्र दस्तावेज पकड़ाकर अपना पल्ला झाड़ लिया। पूरा मामला इस बार हरियाणा के बजट सत्र में भी विपक्ष कांग्रेस द्वारा उठाया जा चुका है। सबसे पहले आईडीएफसी चंडीगढ़ शाखा का खुलासा हुआ और बाद में चंडीगढ़ नगर निगम के अफसरों ने पैसा चेक किया, तो वही खेल निकला। अब यह आग पंचकूला नगर निगम तक पहुंच गई है। यहां पर बैंक कोटक महिंद्रा निकला। कुल मिलाकर हरियाणा सरकार ने भी मामले की जांच एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) को सौंप दी है। जिसके बाद में इन बैंकों से बैंकिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि हरियाणा पावर जनरेशन कारपोरेशन लि. से फाइनेंस निदेशक की गिरफ्तारी के बाद कईं पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। अभी भी जांच पड़ताल का काम चल रहा है। सारे फ्राड और सरकारी पैसे के गोलमाल को लेकर सूबे की नायब सैनी सरकारी महकमों में बैंकिंग फ्रॉड के मामलों के बाद प्रदेश सरकार ने 'ऑपरेशन क्लीन' तो शुरू किया ही है, साथ ही बैंकिंग राष्ट्रीयकृत बैंकों से करने की हिदायत भी जारी कर दी है। आईडीएफसी फर्स्ट और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक पर गाज आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में हरियाणा सरकार के खातों से जुड़े करीब 590 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद में वित्त विभाग ने दोनों बैंकों को सरकारी पैनल से बाहर कर दिया है। सरकार के मुखिया और अनुभवी लोगों का कहना है कि निजी बैंक मुनाफे की दौड़ में अक्सर नियमों की अनदेखी करते हैं। इस तरह से 18 फरवरी 2026 से लागू कड़े नियमों को अपनाया जा रहा है।

### सरकार के 18 विभागों तक पहुंची घोटाले की आंच

सरकार के करीब 18 विभागों के चंडीगढ़ की सेक्टर-32 स्थित आइडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा में 590 करोड़ के गबन का मामला इतना सीधा नहीं है। हरियाणा ही नहीं बल्कि यह खेल निजी बैंकों द्वारा चंडीगढ़ प्रशासन के भी कई विभागों के साथ भी यही खेल किया है।बैंक घोटाले के तार यूटी प्रशासन से जुड़ने की खबर के बाद से यूटी प्रशासन भी दो सप्ताह से हरकत में है। पूरे मामले में मुख्य सचिव ने मामले में वित्त सचिव को जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों को बैंक संबंधित एडवाइजरी भी जारी कर दी है। सभी विभागों से दो दिन के भीतर आईडीएफसी बैंक में खातों से जुड़ी पूरी जानकारी देने के सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि निजी बैंकों द्वारा कईं अन्य विभागों से भी खेल किया लेकिन जांच और शिकंजा कसता देख लीपापोती की शुरुआत हो गई है। चंडीगढ़ प्रशासन के भी विभागों में गोलमाल होने की आशंका है। लेकिन कुछ अफसर लीगल पचड़े और बिना वजह की सिरदर्दी से बचने के लिए बैंकों से संपर्क में हैं।

### निजी बैंकों में खाते बंद करने के आदेश

सभी विभाग तुरंत निजी बैंकों में चल रहे खातों को बंद कर पैसा राष्ट्रीयकृत बैंकों में ट्रांसफर करें। इसके साथ ही अब किसी भी हाल में निजी बैंक में खाता खोलने के लिए वित्त विभाग से विशेष अनुमति लेनी होगी, जिसके लिए ठोस कारण बताना अनिवार्य होगा।

**कमेटी करेगी जांच:** सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (वित्त) अरुण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक हाई-लेवल कमेटी गठित की है, जो बैंकिंग चूकों की जांच करने के बाद जवाबदेही तय करेगी।

### फॉर्म-6 को पोर्टल पर अपडेट न करने पर सख्ती

पंचकूला। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों द्वारा फॉर्म-6 पोर्टल पर शुल्क संबंधी जानकारी अपडेट करने में बरती जा रही लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल अपडेट सुनिश्चित कराने को कहा है। विभाग के अनुसार, सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-वार शुल्क विवरण अपडेट करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इसके बावजूद कई जिलों में बड़ी संख्या में स्कूलों ने अभी तक पोर्टल पर शुल्क स्थिति अपडेट नहीं की है। जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी निजी स्कूल बिना किसी देरी के अपने डेटा की समीक्षा, सत्यापन और अंतिम रूप से जमा करें।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) तकदीर** पुत्र सुरेश, निवासी- गाँव गढ़वाल, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा, **(2) सुमित उर्फ जंगली** पुत्र रामाधार निवासी शास्त्री नगर, नरेंद्र महेंद्र पब्लिक स्कूल के पास, रोहतक, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 819/25 धारा 96/143(4),144(1)/65(1),123/351(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 और 6 पॉक्सो अधिनियम और 4/5/6 आईटीपी अधिनियम, थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) तकदीर (2) सुमित उर्फ जंगली** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **(1) तकदीर (2) सुमित उर्फ जंगली** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **(1) तकदीर (2) सुमित उर्फ जंगली, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 819/25 धारा 96/143(4),144(1)/65(1),123/351(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 और 6 पॉक्सो अधिनियम और 4/5/6 आईटीपी अधिनियम, थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अमित सहरावत**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-01 (पॉक्सो) (उत्तर)
कमरा संख्या 306, तीसरी मंज़िल
ज़िला न्यायालय रोहिणी, दिल्ली

DP/3772/NW/2026

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–22/2025–26 दिनांक 25/03/2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–30/2025–26 (ओपन टैंडर) | राजपुरा–भटिंडा खंड पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत पटियाला रेलवे स्टेशन पर सीढ़ियों और रैंप के साथ 12.00 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने का प्रावधान। | Rs. 3350256.52 | Rs. 67000.00 | 02 महीने | 16.04.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें / 5) जीएमटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

1031/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**सत्य वचन**

सत्य अच्छे लोगों के लिए सनातन धर्म है। सत्य को प्रणाम करना चाहिए, सत्य ही सर्वोच्च गति है।


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




9 सीएसके ने जीते हैं पांच खिताब आरआर से 30 को होगी भिड़ंत



# ट्रांसजेंडर के महिला खेलों में भाग लेने पर रोक

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को ओलंपिक में महिलाओं की श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया है और अपने सदस्य संगठनों से महिलाओं की प्रतियोगिताओं के लिए अनिवार्य जेनेटिक परीक्षण कराने को कहा है। पिछले वर्ष किर्स्टी कोवेंट्री के आईओसी की पहली महिला अध्यक्ष बनने के बाद यह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। बोर्ड की बैठक और वैश्विक खेल जगत के सबसे विवादास्पद मुद्दों में से एक पर महीनों से चल रही अटकलों के बाद यह निर्णय लिया गया है। ये नए नियम 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले ओलंपिक से लागू होंगे। जिम्बाब्वे की प्रतिष्ठित ओलंपिक तैराक किर्स्टी कोवेंट्री ने संगठन का नेतृत्व करने के लिए अपने अभियान के दौरान बार-बार कहा था कि ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर चल रही व्यापक और अक्सर तीखी बहस के बीच महिलाओं की श्रेणी की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है।

## आईओसी का फैसला : 2028 ओलंपिक से लागू होंगे नए नियम

### जीन परीक्षण से तय होगी पात्रता

नई नीति के तहत पात्रता का निर्धारण एक बार किए जाने वाले जीन परीक्षण से किया जाएगा। पहले से ही ट्रैक एंड फील्ड में उपयोग किया जा रहा यह परीक्षण लार, गाल के स्वैब या रक्त के नमूने के जरिए किया जाएगा। आईओसी ने इस जटिल मुद्दे पर निर्णय लेने से पहले कई विशेषज्ञों से परामर्श किया। पिछले वर्ष के अंत में आईओसी की मेडिकल और वैज्ञानिक निदेशक तथा कनाडा की पूर्व ओलंपिक रोवर डॉ. जेन थॉर्नटन ने ट्रांसजेंडर या यौन विकास में अंतर (डीएसडी) वाले खिलाड़ियों पर एक समीक्षा के प्रारंभिक निष्कर्ष प्रस्तुत किए। यह विश्लेषण सार्वजनिक नहीं किया गया, लेकिन इसमें कहा गया कि पुरुष जैविक लक्षणों के साथ जन्मे खिलाड़ियों में शारीरिक बढ़त बनी रहती है, यहां तक कि उन खिलाड़ियों में भी जिन्होंने टेस्टोस्टेरोन कम करने का उपचार लिया हो।

### अब नहीं चलेगा कम टेस्टोस्टेरोन स्तर

अब तक आईओसी के दिशा-निर्देश ट्रांसजेंडर महिलाओं को कम टेस्टोस्टेरोन स्तर के साथ प्रतिस्पर्धा की अनुमति देते थे, लेकिन अंतिम निर्णय अलग-अलग खेल महासंघों पर छोड़ दिया जाता था। ट्रैक एंड फील्ड, तैराकी, मुक्केबाजी और रग्बी जैसे खेलों में आमतौर पर ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को महिलाओं की श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित किया जाता है। महिलाओं के खेल, ट्रांसजेंडर मुद्दों पर चल रही ध्रुवीकृत और सार्वजनिक बहस का एक अहम केंद्र रहे हैं।

### पेरिस में हुआ था विवाद

पिछले मार्च में ट्रैक एंड फील्ड पहला प्रमुख खेल बना, जिसने महिलाओं की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य डीएनए सेक्स परीक्षण लागू किया। यह कदम 2024 के पेरिस ओलंपिक के दौरान पात्रता विवाद के उभरने के एक साल से भी कम समय बाद उठाया गया, जब मुक्केबाजी प्रतियोगिता दो महिला खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर रिंग के अंदर और बाहर विवादों से घिर गई थी। हालांकि वे दोनों अंततः स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं।






## राज्यसभा क्रॉस वोटिंग : 5 में से 2 विधायकों ने दिया जवाब

# शैली चौधरी और जरनैल सिंह बोले हमने पार्टी उम्मीदवार को वोट दिया

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों की ओर से क्रॉस वोटिंग मामले में जारी हुए शोकॉज नोटिस का दो विधायकों ने गुरुवार को जवाब दे दिया। सूत्रों के मुताबिक शैली चौधरी और जरनैल सिंह की ओर से जवाब आ गए। हालांकि पार्टी की ओर से जवाब देने वाले नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तीन विधायकों की ओर से जवाब आना अभी बाकी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों विधायकों ने अपने जवाब में कहा कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग नहीं की। वे पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। इधर, इन 5 विधायकों पर अब फैसला राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में हो सकता है। 30 मार्च को हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। बैठक में पार्टी के पांचों सांसदों को भी बुलाया गया है। हरियाणा कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की बैठक अप्रैल के पहले हफ्ते में चंडीगढ़ में पार्टी मुख्यालय पर होगी, जिसमें औपचारिक रूप से पार्टी का फैसला सुनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि सख्त संदेश देने की तैयारी है। ऐसे में निलंबन या निष्कासन तक का निर्णय हो सकता है।

1. बोले-हमने क्रॉस वोटिंग नहीं की, हम पार्टी के सच्चे सिपाही
2. कांग्रेस की तीस मार्च को दिल्ली में बैठक, वहीं होगा कार्रवाई पर फैसला



**शैली चौधरी**
नारायणगढ़



**जरनैल सिंह**
रतिया

## राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे लेंगे निर्णय विधायकों और पांचों सांसदों को दिल्ली किया तलब

### निर्दलीय नांदल को दिया था वोट

16 मार्च को हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 5 विधायकों ने पार्टी के ऑफिशियल प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध की बजाय भाजपा समर्थित निर्दलीय सतीश नांदल के पक्ष में वोट दिया था। 19 व 20 मार्च को कांग्रेस अनुशासन समिति ने नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, साढौरा विधायक रेणु बाला, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास, हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल और रतिया विधायक जरनैल सिंह को शोकॉज नोटिस जारी किया था।

### पार्टी के पक्ष में किया मतदान

सूत्रों के मुताबिक दोनों ही विधायकों ने अपने जवाब में दावा किया कि उन्होंने क्रॉस वोट नहीं किया है। बल्कि पार्टी के ऑफिशियल प्रत्याशी को ही वोट दिया है। दोनों विधायकों ने खुद को पार्टी के प्रति समर्पित और सच्चा सिपाही बताया है। दिलचस्प है कि शैली चौधरी के पति रामकिशन गुर्जर कांग्रेस छोड़ चुके हैं। दो बार विधायक व सीपीएस रहे गुर्जर हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष थे। उनकी गिनती सैलजा के करीबियों में होती थी।

## कोटक-महिंद्रा बैंक घोटाला

# बैंक रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप राघव गिरफ्तार, 4 दिन के रिमांड पर लिया

**पंचकूला (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा एंटी करॅप्शन ब्यूरो की टीम ने कोटक महिंद्रा बैंक के 160 करोड़ के घोटाले में आरोपी रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप कुमार राघव को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिए आरोपी का 4 दिन का रिमांड मंजूर हुआ। आरोपी को एसीबी ने 25 मार्च को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अपराध के समय वह बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि उसने मुख्य आरोपी के साथ मिलीभगत कर म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन पंचकूला को एफडी के संबंध में झूठी रिपोर्टें प्रस्तुत की। पंचकूला नगर निगम के अकाउंट ऑफिसर विशाल कौशिक का नाम पूरे मामले में सामने आया है। बैंक कर्मियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि विशाल कौशिक ने बैंक खाता खुलवाने व एफडी ट्रांसफर करने में सहयोग किया। जिसके बदले उसने कैश और गिफ्ट लिए हैं। विशाल कौशिक फिलहाल कालका नगर परिषद के ईओ के पद पर हैं।

> 160 करोड़ के घोटाले में मुख्य आरोपी से मिली भगत रही
> ■
> एफडी के संबंध में झूठी रिपोर्ट पेश की

### प्राइवेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर

पंचकूला नगर निगम की एफडी की राशि प्राइवेट व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर हुई है, उसके बाद चंडीगढ़ के बड़े कारोबारी के खातों में ट्रांसफर हुई है। एंटी करॅप्शन ब्यूरो की टीम उन लोगों की तलाश कर रही है, जिनके खातों में यह ट्रांजेक्शन हुई है।

# प्रोफेसर ने क्लासरूम में छात्रा को प्रपोज किया स्टूडेंट्स ने जमकर पीटा

**बेंगलुरु।** मेडिकल कॉलेज में एक प्रोफेसर ने क्लास के दौरान ही एक छात्रा को प्रपोज कर दिया। छात्रा के विरोध के बाद विवाद बढ़ा और इसके बाद अन्य छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रोफेसर के साथ मारपीट कर दी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस और कॉलेज प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। इस घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें से एक क्लिप में अब्दुल मोहम्मद नाम के असिस्टेंट प्रोफेसर क्लास को संबोधित करते हुए एक छात्रा की तरफ देखकर दावा करते हैं कि उसने उन्हें प्रपोज किया था और वह भी वह भी उससे प्यार करते हैं। इस पर छात्रा ने तुरंत इस पर आपत्ति जताई। इस घटना के बाद कॉलेज में छात्र और छात्राएं भड़क गए। एक छात्रा ने प्रोफेसर को चप्पल से मारा, जबकि दूसरे छात्रों ने भी प्रोफेसर से मारपीट की। छात्रों ने प्रोफेसर का पूरे कैंपस में पीछा किया और उसकी कार के पास पहुंचकर उन पर दोबारा हमला किया।

> लड़की ने चप्पल से पीटा, घटना का वीडियो वायरल

## आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले

**मरकापुरम (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को सुबह 6:00 बजे सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताया है।

> 3 घंटे में आग पर काबू पाया **पीएम मोदी ने जताया शोक**

**छिंदवाड़ा में बस पलटी, 10 की मौत :** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पिकअप वाहन से टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा घायल हैं। हादसा गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उमरानाला इलाके में हुआ। बस में 47 लोग सवार थे।

## दिल्ली-लंदन एअर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का ए350-900 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया।

> 7 घंटे हवा में रही, सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला

## दिल्ली : चाकू घोंपकर किशोर की हत्या, 3 नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली (भाषा)।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में 16 वर्षीय लड़के की उसके घर के निकट चाकू घोंपकर इसलिए कथित रूप से हत्या कर दी गई, क्योंकि वह एक आरोपी को तंग किया करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के संबंध में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। पीड़ित की मां ने दावा किया कि हमलावर उनके बेटे को जानते थे और उन्होंने उसे बहला-फुसलाकर बाहर बुलाया और फिर उस पर हमला किया। उन्होंने बताया कि तीन-चार लड़कों ने उसे बाहर बुलाया। जैसे ही वह बाहर आया, उन्होंने पहले उसे गले लगाया और फिर उस पर चाकू से कई बार वार किया। उन्होंने कहा कि उसने कभी किसी से झगड़ा नहीं किया। उसे बेवजह मार डाला गया।

> एक आरोपी को किया करता था तंग, घर से बुलाकर मारा

## कल से क्रिकेट का रोमांच, आईपीएल के दूसरे चरण का शेड्यूल जारी



# 13 अप्रैल से 24 मई तक 50 मैच, 8 डबल हेडर, कुल 74 मुकाबले होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सेकेंड फेज का शेड्यूल रिलीज हो गया है। आईपीएल कमेटी ने शाम 6 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। 13 अप्रैल से 24 मई तक 12 वेन्यू पर 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें 8 डबल हेडर होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रायपुर को अपना दूसरा होमग्राउंड बनाया, टीम यहां 2 मैच खेलेगी। पहले फेज में 28 मार्च से 12 अप्रैल तक 20 मैच होने हैं। प्लेऑफ का शेड्यूल अनाउंस नहीं हुआ, लेकिन फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में ही खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 74 मैच ही खेले जाएंगे। लीग स्टेज में 70 मैच होंगे, वहीं प्लेऑफ स्टेज में 4 मैच खेले जाएंगे। पहले खबरें थीं कि इस सीजन 84 मैच होने हैं, लेकिन आईपीएल कमेटी ने मैचों की संख्या नहीं बढ़ाई।

### इस बार नहीं होगी आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी

आईपीएल में इस बार ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की है। सीजन का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच 28 मार्च को होगा। सैकिया ने कहा, 'पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना की वजह से इस बार पहले दिन फॉर्मल फंक्शन यानी ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई कोई कल्चरल इवेंट ऑर्गनाइज नहीं करेगा। सैकिया ने आगे बताया, 'बोर्ड आईपीएल फाइनल वाले दिन ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी की प्लानिंग कर रहा है।'

### मुंबई और चेन्नई मैच 23 अप्रैल को

दूसरे चरण की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद के मैच से होगी, लेकिन टीम इस बार हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। वहीं, पहले फेज में टीम बेंगलुरु के मैदान पर आरसीबी से पहला मैच खेलेगी। आईपीएल इतिहास की 2 सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स 23 अप्रैल को पहली बार मुंबई में भिड़ेंगी। दोनों फिर 2 मई को चेन्नई में भी आमने-सामने होंगी। लीग स्टेज के आखिरी दिन 2 मैच होंगे। दोपहर में मुंबई का सामना राजस्थान से होगा, वहीं शाम को कोलकाता की टीम दिल्ली से भिड़ेगी। (खेल पेज भी देखें)




## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 34 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव चंदाखेड़ी निवासी मयंक से 34 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप बलविंदर सिंह, लाभ सिंह व मुकुल मुंजाल पर लगा है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चंदाखेड़ी निवासी मयंक ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 2024 में पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि बलविंदर सिंह, लाभ सिंह व मुकुल मुंजाल लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर 34 लाख रुपये लिए, लेकिन काम नहीं किया।

### 708 ग्राम हेरोइन के साथ महिला काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने सूचना के आधार पर दशमेश नगर के एक घर में छापामारी कर एक महिला को 708 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रबंधक निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम गठित कर रेड की गई, जहां महिला के कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। जांच में यह खुलासा हुआ है कि इस काले कारोबार में महिला का पति अमर सिंह उर्फ अमरा और उसका एक दोस्त भी मुख्य रूप से संलिप्त है। अमर सिंह पर पंजाब और हरियाणा में नशा तस्करी और चोरी जैसे लगभग 27 संगीन मामले पहले से दर्ज हैं।

### अस्पताल में युवक की मौत पर हंगामा

**गुरुग्राम।** सेक्टर- 49 स्थित एक निजी अस्पताल में युवक अजरुल इस्लाम (20) की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिवार कार्रवाई की मांग पर अड़ गया। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को वहां से खदेड़ा। अजरुल को सड़क हादसे में घायल होने पर लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर तीन दिनों में 5 लाख रुपये से अधिक की राशि ली गई।

## करनाल के मुंडोगढ़ी गांव में दो गुट भिड़े, दस लोग घायल

# सगे भाइयों में जमीन को लेकर चलीं गोलियां व लाठियां, 2 लोगों की हत्या

■ एक को ट्रैक्टर से कुचलकर मारा तो बुजुर्ग की लाठियों से पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

घरौंडा क्षेत्र के मुंडोगढ़ी गांव में गुरुवार सुबह जमीनी विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जहां सगे भाइयों के बीच चल रहे पुराने झगड़े में गोलियां चल गईं और लाठी-डंडों से हमला हुआ। इस हिंसक संघर्ष में दो बुजुर्गों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सुलेमान और आलीशान के बीच चार एकड़ पुश्तैनी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि यह जमीन पहले उनके रिश्तेदार लियाकत अली ने करीब 15 वर्ष पहले कादियान नामक व्यक्ति को बेची थी, जिसे बाद में करीब 3 साल पहले आलीशान ने खरीद लिया। इसी जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में लगातार तनातनी बनी हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे आलीशान पक्ष के लोग ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचे और जमीन पर कब्जा लेने का प्रयास करने लगे। उस समय सुलेमान पक्ष के लोग भी मौके पर मौजूद थे। जैसे ही ट्रैक्टर से खेत जोतने की कोशिश की गई, दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते बहस हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके साथ ही दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। हमले में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। झगड़े के दौरान सुलेमान पक्ष के एक युवक ने गुस्से में आकर आलीशान पक्ष के साबिर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, दूसरी ओर लाठी लगने से गंभीर रूप से घायल हुए आलीशान के चाचा वाहिद (65) को घरौंडा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी घरौंडा, सीआईए टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



**करनाल।** हत्या के विवाद मौके पर जांच करती पुलिस।

### तीन घायलों की हालत नाजुक

इस खूनी संघर्ष में तालीम (46), मंसूद (36), गुलजार (48), वाजिद (38), जुनेद (22) पुत्र दाऊद और अल्ताफ सहित करीब 10-12 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 2-3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### गोशाला सेवक दिव्यांग बाबा की सेवादार ने की हत्या

**जींद।** गांव दनौदा कलां गोशाला में रह रहे गूंगे व बहरे बाबा की बुधवार देर रात एक सेवादार ने ईंटें मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। गोशाला प्रबंधन कमेटी के सचिव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गांव दनौदा कलां गोशाला के अन्न क्षेत्र में बाबा सतबीर (62) पिछले काफी वर्षों से रह रहे थे। बीती देर रात बाबा सतबीर की कभार गोशाला में सेवा करने वाले गांव दनौदा कलां निवासी सतपाल से कहासुनी हो गई। इस पर सतपाल ने बाबा सतबीर पर ईंटों से वार कर दिए। घटना का उस समय पता चला जब दूसरा सेवादार गोशाला में पहुंचा और बाबा सतबीर को खून से लथपथ अन्न क्षेत्र प्रांगण में शेड के नीचे पड़ा देखा। आरोपित सतपाल भी ईंट के साथ प्रांगण में घूम रहा था। पुलिस ने गोशाला कमेटी के सचिव ओमप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज कर उसे पकड़ लिया।

## पानीपत की टेक्सटाइल फैक्ट्री में बड़ा हादसा

# केमिकल टैंक की सफाई करने उतरे चचेरे भाइयों की मौत




**पानीपत।** श्रमिकों की मौत के बाद सनोली थाना के बाहर प्रदर्शन करते श्रमिक ।

■ श्रमिकों व परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर सेफ्टी किट न देने का लगाया आरोप, पहुंचे थाने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

जिले के जलालपुर रोड स्थित मयूर टेक्सटाइल फैक्ट्री में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां केमिकल टैंक की सफाई करने उतरे 2 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। मरने वाले दोनों मजदूर आपस में चचेरे भाई थे। परिजनों और अन्य श्रमिकों ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है कि बिना किसी सेफ्टी किट के उन्हें जहरीली गैस से भरे टैंक में उतारा गया। टैंक में उतरने के कुछ ही मिनटों में दोनों बेहोश हो गए। आनन-फानन में उन्हें बाहर निकालकर पानीपत के सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया है और आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे ने पानीपत के ही कुराड़ रोड स्थित गोरजा इंटरनेशनल फैक्ट्री की याद दिला दी है, जहां कुछ समय पहले इसी तरह के हादसे में 2 मजदूरों की मौत हुई थी। वहीं मृतक श्रमिकों के परिजनों व फैक्ट्री श्रमिकों ने सनोली थाना पहुंचकर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# बच्ची के साथ दरिंदगी पर 20 वर्ष की कैद

■ घर के बाहर खेल रही थी बच्ची, पड़ोसी ने कमरे पर ले जाकर की थी गलत हरकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) ने नाबालिग बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपित अर्जुन वासी जिला सीतामढ़ी, बिहार को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा छह के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय के आदेशानुसार जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को पांच महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। मार्च, 2020 में महेंद्रगढ़ क्षेत्र में दोपहर के समय जब बच्ची अपने कमरे के बाहर खेल रही थी, तभी सामने रहने वाले किरायेदार ने मासूम को बहला फुसलाकर अपने कमरे में ले जाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जब उसकी मां वहां पहुंची तो दोषी ने बच्ची को कमरे से बाहर निकाल दिया। बच्ची की तबीयत बिगड़ने और उसके द्वारा अपने साथ हुई ज्यादती बताने के बाद पीड़िता की मां ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसी दिन पॉक्सो एक्ट की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस टीम व जांच अधिकारियों ने इस मामले में तत्परता से जांच करते हुए सभी जरूरी साक्ष्य तथा सबूत जुटाए और अदालत में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई केपी सिंह स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट पॉक्सो कोर्ट) में हुई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान सहायक जिला न्यायवादी नवीन श्योराण ने मामले में अभियोजन के पक्ष में प्रभावशाली पैरवी करते हुए न्यायाधीश के सम्मुख दलीलें पेश करते हुए दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद




**भिवानी।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सुरुचि अटरेजा सिंह के न्यायालय द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। इस संबंध में पीड़िता के पिता के द्वारा वर्ष 2024 में थाना लोहारू में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने अमित को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# रूसी सेना में जबरन भर्ती युवक की गोली लगने से मौत, कर्ज लेकर शव लाए गांव

■ परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का सपना लेकर वर्क वीजा पर गया था विदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

रूस में गोली लगने से करनाल जिले के युवक की मौत होने के मामले में कई महीने बाद उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। गांव चौरा निवासी 21 वर्षीय युवक अनोज (अनुज) वर्क वीजा पर विदेश गया था, लेकिन परिजनों का आरोप है कि वहां उसे जबरन रूसी सेना में भर्ती कर दिया गया। परिवार के अनुसार, शुरुआत में युवक ने एक स्टोर पर काम किया, लेकिन बाद में एक एजेंट ने उसे बहला-फुसलाकर सेना में भर्ती करवा दिया। इसके बाद लंबे समय तक उससे संपर्क नहीं हो सका। करीब 5 महीने पहले सूचना मिली कि उसकी छाती में गोली लगने से मौत हो गई।



करनाल निवासी अनुज। फाइल फोटो

परिजनों ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर शव को भारत मंगवाया। देर रात शव दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से उसे गांव लाया गया। घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के दोस्त योगेश कुमार ने बताया कि उसकी आखिरी बार बात अहोई अष्टमी के दिन हुई थी। इसके बाद उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया। युवक का सपना था कि वह विदेश जाकर परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारे, लेकिन उसकी मौत की खबर ने परिवार को गहरा सदमा दे दिया। परिजनों ने बताया कि शव को वापस लाने में काफी खर्च हुआ, जिससे परिवार कर्ज में डूब गया है। मृतक ही परिवार का इकलौता कमाने वाला था। परिवार में माता-पिता, एक छोटा भाई और दो बहनें हैं, जिनका अब सहारा छिन गया है।


## सोशल मीडिया पर सीएम के नाम डाली पोस्ट का दिखा असर

# पिता की गुहार-सिलेंडर नहीं मिला तो 6 बच्चियां रह जाएंगी भूखी, सीएम ने 2 घंटे में पहुंचवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

युद्ध के ताजा हालात के मद्देनजर गैस सिलेंडर मिलने में हो रही देरी से आम जनता परेशान है। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद के मुजेसर क्षेत्र के आजाद नगर की झुग्गियों में रहने वाले परिवार का सामने आया है। छह बच्चियों के पिता ओम कुमार ने गैस सिलेंडर न मिलने की परेशानी की पोस्ट हरियाणा के सीएम को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर डाली। उसने मार्मिक गुहार लगाई कि सिलेंडर नहीं मिला तो मेरी छह बच्चियां भूखी रह जाएंगी। इस पर सीएम की ओर से तत्काल मदद भेजी गई। अपील के 2 घंटे बाद ही व्यक्ति के घर गैस सिलेंडर पहुंचा दिया गया। इसके बाद उसने सीएम का धन्यवाद जताया है।

ओम कुमार ने बताया कि उनके घर में पिछले 5 दिनों से गैस सिलेंडर समाप्त हो चुका है और वह किसी तरह परिवार का गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने 24 मार्च को गैस सिलेंडर भरवाने के लिए बुकिंग करवाई थी। उन्हें 27 मार्च की तारीख दी गई, लेकिन बाद में कहा गया कि 10 अप्रैल को सिलेंडर मिलेगा। इस पर उन्होंने सोशल मीडिया पर सीएम से अपील की और उन्हें सिलेंडर मिल गया। ओम कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में ग्राइंडर मशीन चलाने का काम करते हैं और बहुत सीमित आय में अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि जब से घर का गैस सिलेंडर खत्म हुआ है, तब से वह बाहर से भोजन खरीदकर परिवार को खिला रहे हैं।


@cmohry मेरे दो इंडियन गैस के सिलेंडर है पैसे के अभाव में एक सिलेंडर हमेशा खाली रहता था एक से कम चलाते थे कल से वह खाली हुआ पड़ा है 24 तारीख को बुकिंग करवाया था आज का डेट दिया था मैं सिलेंडर लेने गया तो 10- 4.-26 का डेट दे दिया है मेरी 6 लड़कियां भूखे रह जाएगी कृपया मदद करें



## तीसरे दिन भी टावर से नीचे नहीं आया स्कूल संचालक

# विवादित अधिगृहित भूमि पर नहीं बनी एजुकेशन सिटी, इसे रिलीज करें : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

गांव असावरपुर में मंगलवार को अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के विरोध में 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ा स्कूल संचालक व किसान सुनील तीसरे दिन भी नीचे नहीं उतरा। घटना के विरोध में जहां आसपास के ग्रामीण एकजुट हो चुके हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं जजपा के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने असावरपुर पहुंचकर ग्रामीणों व परिवार से बातचीत की। दुष्यंत ने कहा कि यह लड़ाई दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समय से चली आ रही है। उनकी सरकार ने यह भूमि राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के नाम पर अधिगृहित की थी। जिस उद्देश्य से जमीन का अधिग्रहण हुआ था, समय-सीमा के अंदर वह पूरा नहीं हुआ। इसलिए इस भूमि को रिलीज करने पर विचार होना चाहिए। कानूनी तौर पर जो भी मदद हो सकेगी, वह करने का प्रयास करेंगे।



### नायब तहसीलदार मौके पर मांगा लिखित में आश्वासन

राई के नायब तहसीलदार अभिनव वीरवार को सुनील व उसके परिवार से बातचीत करने के लिए मौके पर पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने आपबीती बताते हुए प्रशासन से तोड़फोड़ की कार्रवाई न होने का लिखित में आश्वासन मांगा। नायब तहसीलदार का कहना है कि ग्रामीण व परिवार से बातचीत चल रही है, जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

## सरकारी नौकरी का लालच देकर कई लोगों को बनाया शिकार

# नौकरी लगवाने के नाम पर 1.10 करोड़ रुपये ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

■ दिल्ली और उत्तरप्रदेश के साथियों के साथ मिलकर वारदात की, मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी सुनील कुमार वासी गांव सौंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शहजादपुर के गांव गोविंदगढ़ के रहने वाले यादविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी सुनील कुमार ने अपने दिल्ली और उत्तरप्रदेश के साथियों के साथ मिलकर उन्हें आयकर विभाग, चंडीगढ़ में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने विश्वास में लेकर 1 अगस्त 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच यादविंदर सिंह और अन्य कई लोगों से कुल 1 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि ठग ली। न तो पीड़ितों को नौकरी मिली और न ही आरोपियों ने पैसे वापस किए।



शिकायत के आधार पर 16 मार्च 2026 को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील कुमार को काबू कर लिया। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर सिंह ने कहा कि यह एक सुनियोजित गिरोह है जो भोले-भले युवाओं को सरकारी नौकरी का लालच देकर अपना शिकार बनाता था। गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करके उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मनोरंजन | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की गूंज

कलाकार चु बाओ क्वे के जीवन पर आधारित है फिल्म

# वियतनामी फिल्म प्रेम की सुरधारा- लव गार्डन को मिला बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की गूंज अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। वियतनाम की मीडिया में भी इस फिल्म महोत्सव की विशेष चर्चा हो रही है। इस महोत्सव में वियतनाम से जुड़ी फिल्म प्रेम की सुरधारा-लव गार्डन को द बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सिनेमा विभिन्न देशों की संस्कृतियों को जोड़ने और वैश्विक संवाद को मजबूत करने का प्रभावशाली माध्यम है।

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि यह प्रेम की सुरधारा-लव गार्डन फिल्म वियतनाम की प्रसिद्ध लोक गायन परंपरा क्वान हो पर आधारित है, जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त है। फिल्म की कहानी वियतनाम के प्रख्यात कलाकार चु बाओ क्वे के जीवन और उनके सांस्कृतिक योगदान से प्रेरित है, जिन्होंने वियतनाम की पारंपरिक धरोहर के संरक्षण और शोध के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। प्रो. विवेक चावला ने बताया कि इस फिल्म का निर्माण डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी, मुख्य संपादक (इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स) और अध्यक्ष (वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन) के निर्देशन में किया गया है। फिल्म में एक भारतीय युवा कलाकार और वियतनामी लोकगायन क्वान हो के बीच भावनात्मक संबंध और उसके सपनों के माध्यम से इस सांस्कृतिक विरासत की खोज की संवेदनशील कहानी दिखाई गई है।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि फिल्म ने वियतनामी संस्कृति, लोकसंगीत और मानवीय भावनाओं को प्रस्तुत किया। 25 मार्च को उद्घाटन समारोह में इस फिल्म को बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसे स्वयं कलाकार चु बाओ क्वे ने ग्रहण किया।




**कुरुक्षेत्र।** बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड देते फेस्टिवल निदेशक धर्मेन्द्र डांगी।

### डॉ. बीआर चौधरी की पुस्तक से है प्रेरित

फेस्टिवल निदेशक धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि फिल्म में प्रोफेसर एवं मानद डॉक्टरेट से सम्मानित कलाकार चु बाओ क्वे ने न केवल सलाहकार के रूप में योगदान दिया बल्कि अभिनय भी किया। उनके अनुभव और मार्गदर्शन ने फिल्म को गहराई प्रदान की और यह सुनिश्चित किया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत की गई क्वान हो परंपरा की आत्मा और मौलिकता पूरी तरह बरकरार रहे। धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि यह फिल्म हेरीटेज प्रोटेक्टर नामक पुस्तक से प्रेरित है, जिसे स्वयं डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने लिखा है और जो कलाकार चु बाओ क्वे के जीवन और उनके सांस्कृतिक योगदान पर आधारित है।

# हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर ठीक होने के बाद फिर चली ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर ठीक होने के बाद वीरवार को हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल किया गया। दोपहर बाद चार बजे ट्रेन सोनीपत के लिए रवाना हुई। इस दौरान जींद से सोनीपत रूट पर हर स्टॉपेज पर पैसेंजर की तरह हाइड्रोजन ट्रेन का ठहराव किया गया। ट्रायल के लिए ट्रेन में पानी के कैन रखे हुए हैं। ट्रेन की स्पीड 75 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई। पांच दिन बाद हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल हुआ है। पहले 16 से लेकर 20 मार्च तक ट्रेन का जींद से सोनीपत रूट पर तीन बार ट्रायल किया गया था। 16 और 18 मार्च को ट्रेन को जींद-सोनीपत रूट पर दो बार दौड़ाया गया था। वहीं 20 मार्च को हाइड्रोजन ट्रेन का केवल एक चक्कर लगवाया गया था। 16 मार्च के बाद प्लांट के इलेक्ट्रोफायर में खराबी आ गई थी। इस कारण ट्रायल के लिए बाहर से हाइड्रोजन गैस मंगवाई जा रही थी। गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्रेन का ट्रायल प्रभावित हो रहा था। प्लांट में लगे इलेक्ट्रोफायर में गैस का उत्पादन होता है। ऐसे में अब इलेक्ट्रोफायर के ठीक होने पर ट्रेन का वीरवार को फिर से ट्रालय किया गया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
Tele MANAS 14416



" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?


कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

" पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। "

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

## खबर संक्षेप

### सेबी का आज भुवनेश्वर में निवेशक शिविर



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) 27 मार्च को भुवनेश्वर में छठे 'निवेशक शिविर' का आयोजन करेंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनके रुके हुए लाभांश और बिना दावे वाले शेयरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने में मदद करना है।

### भारत पीईटी 760 करोड़ रुपये का आईपीओ लाएगी

**नई दिल्ली।** सामान पैक करने के डिब्बे और बोतलें बनाने वाली कंपनी भारत पीईटी लिमिटेड ने शेयर बाजार में अपना पहला आईपीओ लाकर 760 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। मसौदा दस्तावेजों' के अनुसार, इस सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत कंपनी 120 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी।

### जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ के लिए करेगी दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की प्रौद्योगिकी इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स अपने बहुप्रीतिक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अगले कुछ दिन में सेबी के पास विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती है। यह संभवतः देश का अब तक का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम होगा।

### बंद रहा शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार

**नई दिल्ली।** राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, जिंस और सर्राफा बाजार बंद रहे। रोज की तरह शुक्रवार को बाजार कारोबार के लिए खुलेंगे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# किआ की नई सस्ती इलेक्ट्रिक कार लांच, 435 किमी रेंज, कीमत 29 लाख से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

किआ ने अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी2 को यूरोप में लांच कर दिया है, जो कंपनी की अब तक की सबसे सस्ती ईवी मानी जा रही है। इस कार को सबसे पहले जनवरी 2026 में पेश किया गया था और अब इसकी कीमत और वैरिएंट की जानकारी भी सामने आ गई है।

■ ईवी2 का उत्पादन स्लोवारिया में किया जा रहा

जर्मनी समेत कई यूरोपीय देशों में इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है। ईवी2 का प्रोडक्शन स्लोवाकिया में किया जा रहा है और इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को इलेक्ट्रिक कार की तरफ अट्रैक्ट करना है। इसकी शुरुआती कीमत यूरो 26,600 यानी करीब 29 लाख रुपए रखी गई है। इसके साथ ही कंपनी इसे लीज पर भी दे रही है, जिससे लोग कम खर्च में इस कार को इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कंपनी ने नई इलेक्ट्रिक कार ईवी2 यूरोप में की लांच

### अर्थ और जीटी-लाइन वैरिएंट की खासियत

ईवी2 का 'अर्थ' वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों विकल्प में उपलब्ध है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच बैटरी और 146 एचपी मोटर मिलती है। इसकी रेंज करीब 308 किमी है। यह वैरिएंट उन लोगों के लिए सही है जो बैलेंस्ड परफॉर्मेंस और कीमत चाहते हैं। वहीं जीटी-लाइन वैरिएंट सबसे प्रीमियम है। इसमें 61 केडब्ल्यूएच बैटरी और 135 एचपी मोटर दी गई है। इसकी रेंज लगभग 413 किमी है। यह वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों ऑप्शन में आता है और इसमें ज्यादा लग्जरी फीचर्स और स्पोर्टी डिजाइन मिलता है।




### फीचर्स और मुकाबला

किआ ईवी2 में लग्जरी इंटीरियर, बड़ा केबिन और आरामदायक सीट्स मिलती हैं। इसके अलावा इसमें एडवांस टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। यूरोप में इसका मुकाबला रेनाल्ट, सिट्रॉन और वॉक्सवैगन की इलेक्ट्रिक कारों से होगा। किआ ईवी2 अपनी कीमत, रेंज और फीचर्स के कारण इस सेगमेंट में मजबूत दावेदारी पेश कर सकती है।

### वैरिएंट और रेंज

किआ ईवी2 को चार अलग-अलग वैरिएंट में लांच किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से विकल्प चुन सकते हैं। इसका बेस वैरिएंट 'लाईट' है, जो 4-सीट कॉन्फिगरेशन में आता है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच की बैटरी और 146 एचपी की मोटर दी गई है। ये वैरिएंट करीब 317 किमी की रेंज देता है, जो शहर के उपयोग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके बाद 'एयर' वैरिएंट आता है, जो 5-सीटर है। इसमें दो बैटरी ऑप्शन मिलते हैं। एक स्टैंडर्ड बैटरी के साथ और दूसरा बड़ा 61 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ। बड़ा बैटरी पैक 453 किमी तक की शानदार रेंज देता है, जो लंबी दूरी के लिए बेहतर है। इसकी कीमत भी ज्यादा रखी गई है।

## ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी को 46.5 करोड़ डॉलर में खरीदने की तैयारी

# अमेरिका की दो कंपनियों को 56 करोड़ में खरीद रही इंफोसिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी कंपनी इंफोसिस अमेरिका की दो कंपनियों- ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी और स्ट्रेटस ग्लोबल एलएलसी को खरीद रही है। ये सौदे 56 करोड़ डॉलर तक के हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी को 46.5 करोड़ डॉलर तक में और स्ट्रेटस को 9.5 करोड़ डॉलर तक में खरीदेगी। इन सौदों के वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में पूरे होने की उम्मीद है। लेकिन ऐसा होना रेगुलेटरी मंजूरी पर निर्भर करेगा। ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी, फ्लोरिडा स्थित एक हेल्थकेयर कंसल्टिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी है। इसमें 1600 से ज्यादा कर्मचारी हैं और यह इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड और एंटरप्राइज सिस्टम जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

■ स्ट्रेटस ग्लोबल एलएलसी को 9.5 करोड़ डालर में खरीदेगी

*हेल्थ व वित्तीय सेवा रेवेन्यू के बड़े स्रोत : हेल्थकेयर और वित्तीय सेवा भारतीय आईटी कंपनियों के लिए रेवेन्यू के सबसे बड़े स्रोतों में शामिल हैं। लेकिन इन दोनों सेक्टर्स के क्लाइंट विवेकाधीन खर्च के मामले में सबसे ज्यादा सतर्क भी रहते हैं। इस वजह से वेंडर्स को डोमेन-बेस्ड कंसल्टिंग और प्लेटफॉर्म विशेषज्ञता पर फोकस करना पड़ा है।*

Optimum HEALTHCARE IT®
STATUS GLOBAL INSURANCE

### चढ़ सकता है इंफोसिस का शेयर

इस डेवलपमेंट के बाद 27 मार्च को इंफोसिस के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। बुधवार, 25 मार्च को शेयर की कीमत बीएसई पर 1279.35 रुपए पर बंद हुई। 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहा। कंपनी का मार्केट कैप 5.18 लाख करोड़ रुपए है। शेयर 3 महीनों में 23 प्रतिशत नीचे आया है। फरवरी में एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर के लिए 'बाय' रेटिंग के साथ 1750 रुपए, प्रभुदास लीलाधर ने 'बाय' रेटिंग के साथ 1900 रुपए और मोतीलाल ओसवाल ने 'बाय' रेटिंग के साथ 1850 रुपये प्रति शेयर का टारगेट प्राइस दिया था।

### सर्विस प्रोवाइडर सेगमेंट में मौजूदगी बढ़ेगी

इंफोसिस ने कहा कि इस खरीद से सर्विस प्रोवाइडर सेगमेंट में उसकी मौजूदगी बढ़ेगी और नए क्लाइंट्स से रिश्ते जुड़ेंगे। ऑप्टिमम का रेवेन्यू तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 में यह 10.66 करोड़ डॉलर था। वित्त वर्ष 2025 में यह 27.59 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।

### स्ट्रेटस क्या करती है

स्ट्रेटस न्यू जर्सी स्थित एक टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग कंपनी है, जो प्रॉपर्टी और कैजुअल्टी बीमा कंपनियों पर फोकस करती है। कंपनी में 450 से ज्यादा लोग हैं।

# चालकों को प्रशिक्षण देने खुलेंगे स्कूल : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद

■ देश में 22 लाख चालकों की कमी, सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं। मंत्री ने कहा, /"हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से हम एक करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे।/" सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से यह सच है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। गडकरी ने कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण भारत को जीडीपी का तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया। गडकरी ने कहा, ''पहला कारण सड़क डिजाइन और इंजीनियरिंग हैं।

# दफ्तर की अपेक्षा कारखानों के कामगारों का वेतन बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश में कारखानों और शारीरिक श्रम से जुड़े काम करने वाले कामगारों की न्यूनतम तनख्वाह में सालाना आधार पर 8.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नौकरियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने वाले डिजिटल मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बढ़ोतरी दफ्तरों में काम करने वाली शुरुआती स्तर की नौकरियों से ज्यादा है। इससे रोजगार के स्वरूप में बदलाव का संकेत मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन कामगारों की औसत न्यूनतम तनख्वाह 2025 में बढ़कर 15,265 रुपये हो गई, जो 2024 के 14,056 रुपये थी। वहीं, दफ्तरों की शुरुआती नौकरियों में तनख्वाह 14,760 रुपये से बढ़कर 15,756 रुपये हुई, जो अपेक्षाकृत धीमी बढ़ोतरी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिलीवरी, ड्राइवर और वाहन से जुड़े कामों में तनख्वाह में 16 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि कारखानों में काम करने वालों की तनख्वाह करीब 11 प्रतिशत बढ़ी है।



■ डिजिटल मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में यह बात कही गई

■ वेतन में सालाना आधार पर 8.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

# संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 15 फीसदी घटेगा

एजेंसी ⏭ मुंबई

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों की वजह से भारत में यूरिया और मिश्रित उर्वरकों का सालाना घरेलू उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आनंद कुलकर्णी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में चल रही समस्याओं से खरीफ मौसम के अहम समय पर उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ सकती है। एलएनजी और अमोनिया की आपूर्ति में करीब तीन महीने तक जारी रहने वाली रुकावट से घरेलू यूरिया और मिश्रित उर्वरक उत्पादन में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।''हालांकि, उन्होंने कहा कि उत्पादन पर पड़ने वाले इस असर को कुछ हद तक सरकार के हालिया निर्देश से कम किया जा सकेगा, जिसके तहत यूरिया बनाने वाली कंपनियों को 70 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने का उर्वरक स्टॉक, और साथ ही दूसरे स्रोतों से होने वाले संभावित आयात से, आपूर्ति में तत्काल कमी आने का जोखिम कम हो जाएगा।



■ क्रिसिल रेटिंग्स ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

### एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने 410 करोड़ जुटाए

मुंबई। एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने मुख्य रूप से देश के प्रमुख बाजारों में लॉजिस्टिक्स और भंडार गृह पोर्टफोलियो के अधिग्रहण के लिए बॉन्ड जारी करके 410 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की। एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने कहा कि इस निर्गम को इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) की भागीदारी थी, जिसने कुल निर्गम में 205 करोड़ रुपये की सदस्यता ली थी।

**NOTICE**

I, Rohit Singh s/o Hawa Singh R/o 148/18, Basant Vihar, Narwana, District Jind, Haryna declare That I have Changed my minor son's name Rehaan to Ranveer Singh. Now onwards he will be known as Ranveer Singh.

**In The Court Of Mohammed Arshad, Additional Judge To The Court Of I Additional District and Session JudgeAdditional Motor Accident Claims Tribunal, Civil Court Lavkush nagar, District Chhatarpur**

Presiding Officer : मोहम्मद अरशद
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000001/2025)
विक्रम यादव .................... वादी
Vs
संदीप जाट .................... अनावेदक
Process Id- 221/2026
पेशी दिनांक :- 07/05/2026

प्रेषिती (1) दिनेश शर्मा पिता सूरजभान शर्मा पता निवासी ग्राम बलियाली तहसील बावनी खेडा जिला भिवानी (हरियाणा) पिन कोड 127032 यह कि प्रार्थी विक्रम यादव ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 26 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश, मोहम्मद अरशद
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण लवकुश नगर
जिला छतरपुर (म.प्र.)

## यह समझौता भारत के ग्रामीण ब्रॉडबैंड बुनियादी ढांचा कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि

# प्रताप टेक्नोक्रेट्स और बीएसएनएल के बीच 8,025 करोड़ रुपये का करार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी प्रताप टेक्नोक्रेट्स ने सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के साथ 8,025 करोड़ रुपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस अनुबंध के तहत वह 'भारतनेट चरण-तीन' के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव का कार्य करेगी।
कंपनी के अनुसार, इस समझौते के तहत प्रताप टेक्नोक्रेट्स राजस्थान, हरियाणा और असम राज्य में संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के हिस्से के रूप में नेटवर्क का विस्तार करेगी।
कंपनी ने बयान में कहा कि यह समझौता भारत के ग्रामीण ब्रॉडबैंड बुनियादी ढांचा कार्यक्रम में उसकी भागीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस समझौते पर बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ए रॉबर्ट जे रवि और प्रताप टेक्नोक्रेट्स के प्रबंध निदेशक शक्ति सिंह शेखावत की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।




इस नए अनुबंध के तहत, कंपनी इन तीन राज्यों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क यानी इंटरनेट की तारों को बिछाने, उन्हें चालू करने और अगले 10 वर्षों तक उनके रखरखाव का काम संभालेगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं बढ़ेगी

भारतनेट के इस विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन सरकारी कामकाज (ई-गवर्नेंस), शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में सुधार की उम्मीद है।

### तेज रफ्तार इंटरनेट की पहुंच मजबूत होगी

इस कार्य का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तेज रफ्तार इंटरनेट की पहुंच को मजबूत करना है। प्रताप टेक्नोक्रेट्स के चेयरमैन देवेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान, हरियाणा और असम में चरण-तीन का काम मिलना हमारी क्षमता पर भरोसे को दर्शाता है।

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** – व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** – लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** – कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** – नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** – नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** – आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6177




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6176 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा

# दक्षिण 24 परगना में भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटा पुलिस समेत 10 कार्यकर्ता घायल, 8 उपद्रवी गिरफ्तार

दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर भी हमला बोल दिया।

एजेंसी ⏭ कोलकता

चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल से एक बड़ी खबर है। दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी और कम से कम 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इस घटना के बाद कम से कम 8 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है हिंसा के बाद भारी संख्या में सीएपीएफ और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार चुनाव प्रचार कर रहे थे। सरदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सड़कें जाम कर दीं और पुलिस पर भी हमला किया। तृणमूल ने बीडीओ और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर भाजपा पर हमला करने की कोशिश की है। वे अपनी हार से डरे हुए हैं। मेरे भाई पर भी हमला हुआ और कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

## बिकाश सरदार के प्रचार के दौरान हमला, टीएमसी पर लगा आरोप

### आरएएफ जवान भागा

घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कथित वीडियो में दिखाया गया है कि उपद्रवियों के एक समूह ने एक व्यक्ति को बांस की लाठियों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। झड़प के दौरान एक आरएएफ जवान को भागते हुए भी देखा गया।


दक्षिण 24 परगना जिले में हमले के बाद जवानों ने स्थिति पर काबू पाया

### हथियार और लाठियों से किया गया हमला

एक घायल भाजपा कार्यकर्ता ने बताया कि लगभग 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। मैं पुलिस वैन के साथ था। बसंती बाजार के पास मुझ पर पीछे से हमला किया गया। उपद्रवियों के पास हथियार थे और वे हमें बांस की लाठियों से पीट रहे थे। फिलहाल स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को काबू में करने का प्रयास शुरू कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

# वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा

- सेना, नौसेना और वायुसेना के जांबाजों के लिए केंद्र का अहम फैसला



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगा।

### पहले 6 'चक्र' पुरस्कारों तक सीमित थी यह सुविधा

अब तक आजीवन मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा केवल परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं को मिलती थी। नए आदेश के बाद सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक भी इसी श्रेणी में शामिल कर लिए गए हैं। सेना के जांबाज जवानों को भारतीय रेल में मुफ्त यात्रा की सुविधा पहले भी मिलती थी। पहले आजीवन बिना किसी शुल्क का भुगतान किए रेल यात्रा की सुविधा केवल छह वीरता पुरस्कारों से सम्मानित जवानों और उनके परिजनों को ही मिलती थी।

वंदे भारत में घटिया खाने का दावा

# वीडियो वायरल, दही में रेंगते मिले कीड़े, प्रोवाइडर पर केस



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तेज रफ्तार और प्रीमियम सुविधाओं के चलते अक्सर वंदे भारत सुर्खियों में रहती है, लेकिन इस बार वंदे भारत ट्रेन की सुर्खियों में रहने की वजह कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वंदे भारत के खाने की घटिया क्वालिटी ने यात्रियों को हैरान कर दिया है।

मामला पटना

### टाटानगर का, विभाग पर 10 लाख जुर्माना

यह मामला पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का बताया जा रहा है, जहां एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़े होने का दावा किया। वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि दही के बाउल में छोटे-छोटे कीड़े नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे क्लिप में यात्री रेलवे स्टाफ को बुलाकर दही के बाउल में कीड़े होने की शिकायत की। रेलवे अधिकारी ने भी दही को करीब से देखा।

# 4 राष्ट्रीय दलों के चंदे से भाजपा को मिला 10 गुना से ज्यादा

2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई सामने आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी बनी है। दूसरा नंबर कांग्रेस का है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता हैं।

### पार्टियों को इतना मिला चंदा

सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 11,343 दानकर्ताओं की तरफ से 6648.563 करोड़ रुपए का चंदा मिला।

**भारतीय जनता पार्टी** : राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिला। भाजपा ने 6074.015 करोड़ रुपए का दान दिखाया है।

**कांग्रेस**: कांग्रेस ने दान 517.394 करोड़ दिखाया है, जो कि 2501 दानकर्ताओं से मिला है। यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

**आम आदमी पार्टी** : आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपए दर्शाया है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

बंगाल में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



## भवानीपुर में सुवेंदु ने 'राम राज्य' का नारा दिया

कोलकाता के सबसे चर्चित विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर की सड़कों पर सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में रामनवमी का जुलूस निकाला। इस दौरान अधिकारी ने 'राम राज्य' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन और रोजगार ही 'राम राज्य' है। बंगाल में राम राज्य आने वाला है। भवानीपुर सिर्फ एक सीट नहीं, बल्कि ममता का इलाका है। यहां सुवेंदु का जुलूस निकालना और हाजरा क्रॉसिंग पर इसका समापन होना, बड़ा सियासी संदेश दे रहा है। भाजपा इस बार 'दीदी' को उन्हीं के घर में घेरने की तैयारी में हैं।

केरल में मोदी और ईसीआई का अपमान

# 'मानहानि' वाली वीडियो को लेकर एक्स के खिलाफ केस

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई से निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। वीडियो में कथित तौर पर पीएएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को भ्रामक और मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है।पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित मानहानिकारक सामग्री को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उसके संज्ञान में लाया गया था।



### जनता को गुमराह किया गया: पुलिस

केरल पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि एआई से बनेवीडियो में जनता को गुमराह करने, निकायों की विश्वसनीयता को कमजोर करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता है।




सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

> मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए , ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरुमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राह्मिक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका



में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे । ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इन 22 देशों में फ्रांस , ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा। तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
अम्बरीष प्रजापति



# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हम किसी के पिछलग्गू नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति हैं। विपक्ष को अब विदेशी चश्मे को उतारकर भारतीय चश्मे से देश की प्रगति को देखना होगा। विदेशी धरती से उठने वाले शोर को अपनी सियासत का एजेंडा बनाना बंद करना ही राष्ट्रहित में है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान के विषयों पर कम से कम देश के भीतर एक सुर होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र प्रथम की भावना ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इसलिए सभी दलों को पीएम पद की गरीमा का ध्यान रखना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### समान नागरिक संहिता व्यापक बदलाव का संकेत

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है। *-रविंद्र, रोहतक*

## करंट अफेयर

### रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा


रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं, जिनका उपयोग भारत और चीन जैसे पारंपरिक ग्राहकों तक हाइड्रोकार्बन पहुंचाने के लिए किया जाता है। बोर्ड के प्रमुख निकोलाई पत्रुशेव ने कहा, रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं और रूसी मालवाहक जहाजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रूसी नौसेना उनकी निगरानी करेगी और नौवहन क्षेत्रों पर नजर रखेगी।



## ऑफ बीट

### पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है।



## ट्रेंड

### रामनवमी की शुभकामनाएं



देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। **-नरेंद्र मोदी**, पीएम

### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश में चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। **-सुकांता मजूमदार**, केंद्रीय मंत्री

### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 में अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र में माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। **-पिनारयी विजयन**, सीएम केरल

### मेरा केरल पर फोकस



मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नहीं है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। **-शशि थरूर**, कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सोनीपत व साई भिवानी का दबदबा

## रोहतक 'बी' व हिसार रहे उपविजेता, रोमांचक मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुनारियां गांव में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं जूनियर बालक-बालिका स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का वीरवार को भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन अवसर पर इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनेश लाकड़ा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेता सतीश नांदल और सुमित मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जूनियर ब्वायज वर्ग में 44-46 किलोग्राम में उदय सिंह ने स्वर्ण, चिराग ने रजत तथा राज व अंश ने कांस्य पदक हासिल किया। 46-48 में दक्ष स्वर्ण, शिवम रजत, सचिन व दीपांशु कांस्य विजेता रहे। 48-50 में यश यादव स्वर्ण, गौरव रजत, नैतिक व गुरप्रीत कांस्य पर रहे। इसी प्रकार अन्य भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। जूनियर गर्ल्स वर्ग में भी मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। 44-46 किलोग्राम में राखी ने स्वर्ण, भूमि ने रजत और निश्चल व अन्नु ने कांस्य पदक जीते। 46-48 में सोनिका स्वर्ण, काफ़ी रजत तथा दिव्या व हिमानी रानी कांस्य विजेता रहीं। अन्य भार वर्गों में भी बेटियों ने शानदार खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।






रोहतक। बाक्सिंग प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई



हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है और बॉक्सिंग में प्रदेश लगातार देश-विदेश में नाम कमा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को मंच प्रदान करती हैं, जिससे वे अपने हुनर को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य ग्रामीण स्तर तक खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़ सकें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।

### हार-जीत खेल का हिस्सा: अर्जुन चौटाला



विधायक अर्जुन चौटाला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह चैंपियनशिप प्रदेश में खेलों के बढ़ते स्तर और युवाओं के जोश का प्रतीक बनकर सामने आई।

## खबर संक्षेप




### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी।फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।



### गोल्फ चैंपियनशिप में सुनीत ने दर्ज की जीत

**पटना।** सुनीत चौरसिया ने डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई की चौथी प्रतियोगिता अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में एक शॉट से जीत दर्ज की। कोलकाता के चौरसिया (71-65-73) ने तीसरे और अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता। उनका कुल स्कोर सात-अंडर 209 रहा। वह दिग्गज गोल्फर एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत से 3,17,875 रुपये की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में 41वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। बिपिन मुखिया (68-75-67) ने आखिरी दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 बनाया और चार स्थान ऊपर चढ़कर छह-अंडर 210 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को मुख्य कोच नियुक्त किया




**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को 2026-27 के सत्र के अंत तक के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। मुनोज के साथ फेरान बोर्रास भी बेंगलुरु की टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। मुनोज़ ने इससे पहले एफसी बार्सिलोना के युवा सेटअप में बारका अंडर-19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है। बेंगलुरु एफसी का मुख्य कोच बनने से पहले वह कंबोडिया में प्रेह खान रीच स्वे रींग के साथ यह भूमिका निभा रहे थे। कंबोडिया के क्लब के साथ उन्होंने दो साल का सफल कार्यकाल बिताया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार लीग कप जीता और इसके साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुंचा।

## आईपीएल-2026: पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 28 को

# आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4 फाइनल मैच एक बार जीता खिताब, फिर चुनौती देने तैयार

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गत विजेता के रूप में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। आरसीबी ने अब तक आईपीएल के इतिहास में सिर्फ एक खिताब जीता है। हालांकि, ये टीम 3 बार उपविजेता भी रही है। हालांकि आईपीएल में आरसीबी ने यादगार पारियां खेलीं हैं और उसके फैंस को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी फिर विजेता का खिताब अपने नाम करेगी।

### 2009 में उपविजेता रही थी आरसीबी

आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें आरसीबी की टीम उपविजेता रही थी। जोहान्सबर्ग में हुए आईपीएल 2009 के फाइनल में पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी ने डेक्कन चार्जर्स को सिर्फ 143/6 के स्कोर पर रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 137/9 का स्कोर ही बना सकी थी। उस सीजन में आरसीबी के कप्तान अनिल कुंबले थे।




### आरसीबी ने जीता ऐतिहासिक खिताब

आईपीएल 2025 में आरसीबी ने लीग स्टेज के 14 में से 9 मैच जीते और 4 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली थी। अंक तालिका में आरसीबी की टीम पीबीकेएस के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। आरसीबी ने क्वालीफायर-1 में पीबीकेएस को 8 विकेट से हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। फाइनल में आरसीबी ने पीबीकेएस को 6 रन से हराया था। पाटीदार ने टीम की कप्तानी करते हुए नया इतिहास लिखा था।

### 2011 में सीएसके के खिलाफ हारी थी आरसीबी

आईपीएल 2011 में डेनियल विटोरी की कप्तानी में आरसीबी ने लीग स्टेज के 9 मैच जीते और 4 में हार झेली थी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। फाइनल में माइकल हसी (63) और मुरली विजय (95) की उम्दा पारियों की बदौलत सीएसके ने 205/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी केवल 147/8 का स्कोर ही बना सकी थी।

### आईपीएल 2026 मैच फेज-2 का शेड्यूल

| मैच | तारीख | दिन | समय | होम टीम | अवे टीम | वेन्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | 25-अप्रैल-26 | शनिवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 37 | 26-अप्रैल-26 | रविवार | 3:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 38 | 26-अप्रैल-26 | रविवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 39 | 27-अप्रैल-26 | सोमवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 40 | 28-अप्रैल-26 | मंगलवार | 7:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 41 | 29-अप्रैल-26 | बुधवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 42 | 30-अप्रैल-26 | गुरुवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 43 | 01-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 44 | 02-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 45 | 03-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 46 | 03-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 47 | 04-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 48 | 05-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 49 | 06-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 50 | 07-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 51 | 08-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 52 | 09-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 53 | 10-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 54 | 10-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 55 | 11-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 56 | 12-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 57 | 13-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 58 | 14-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 59 | 15-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 60 | 16-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 61 | 17-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 62 | 17-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 63 | 18-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 64 | 19-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 65 | 20-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 66 | 21-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 67 | 22-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 68 | 23-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 69 | 24-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 70 | 24-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |

## टीम इंडिया इस साल 17 शहरों में खेलेगी 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले चार देशों की टीमें आएंगी खेलने

### एशिया कप में कंपाउंड तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ⏭ बैंकॉक

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखा तथा रजत चौहान और चिकिता तनिपार्थी की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित जोड़ी फाइनल में पहुंच गई, लेकिन रिकर्व तीरंदाजों को निराशा ही हाथ लगी। भारत के दो कांस्य पदक पहले ही पक्के हो चुके हैं, जबकि पांच खिलाड़ी फाइनल में हैं। इसके अलावा भारत दो और कांस्य पदकों के लिए दावेदार है, जिससे वह पिछले साल के आठ पदकों (पांच स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी होने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाले चौहान और तनिपार्थी ने लगातार दो जीत हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की।

#### चीन और कजाकिस्तान को हराया

भारत की मिश्रित टीम जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को 159-155 से हराया और फिर सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 157-153 से पराजित किया। दोनों मैचों में 32 तीरों के बीच संभावित 320 अंकों में से भारतीय जोड़ी ने केवल चार अंक गंवाए, जिससे उनके दबदबे का पता चलता है। इससे उन्होंने देश के लिए कुल मिलाकर छठा पदक पक्का कर दिया।

#### महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रिधि फाइनल में

महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा की उभरती हुई तीरंदाज रिधि फोर फाइनल में पहुंच गई हैं और उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतना होगा। भारत ने बुधवार को दो कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी पुरुष कंपाउंड टीम तथा रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि की महिला रिकर्व टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

#### पुरुषों की सेल्फ स्पर्धा में दो पदक पक्के

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में देश का स्वर्ण और रजत पदक सुनिश्चित है, क्योंकि प्रथमेश जवकर और उदय कंबोज के बीच फाइनल होगा, जबकि रजत चौहान कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: छग की अनुष्का को दूसरा पदक, वेटलिफ्टिंग में इसाक ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खास रहा। नीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीतने में सफल हुई। इसके साथ ही कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है।



15 वर्षीय अंजलि बनीं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता

#### निखिल ने कांस्य पदक जीता

खेलो इंडिया ट्राइबल नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के पहले ही दिन भोई स्विमिंग एकेडमी के तैराक निखिल ने शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:11:77 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

#### कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत के साथ शीर्ष पर

कर्नाटक के तैराक मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत (2:59.33 सेकंड) ने रजत और ओडिशा की अंजलि मलिक (3:06.13 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता।

### अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

**फ्रांसियाकोर्टा (इटली)।** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स' कार्टिंग रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें चरण के फाइनल में 53 चालकों में से आठवां स्थान हासिल किया। इस परिणाम के साथ उन्होंने इस प्रमुख कार्टिंग श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ भारतीय चालक के साथ-साथ सबसे उच्च रैंक वाली महिला के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। पांच चरणों की सीरीज में उन्होंने एक पोडियम (शीर्ष तीन में स्थान), दो सबसे तेज लैप और आठ बार शीर्ष छह में जगह बनाई। उन्होंने यहां अंतिम मुकाबले में 13वें स्थान से शुरूआत की और आठवां स्थान हासिल किया। यह उनकी दृढ़ता और तेज प्रदर्शन का स्पष्ट प्रमाण है। फ्रैंसियाकोर्टा चरण में उन्होंने पूरे सप्ताहांत में लगातार शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी प्रगति को दिखाया।

## चोट और अन्य कारणों से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए खिलाड़ी

# इस आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे कई दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन के शुरू होने से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर दूसरे खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है। इस बीच 2026 सीजन से बाहर हुए प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### हर्षित राणा (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह पर टीम ने नवदीप सैनी को शामिल किया है। राणा पिछले कुछ समय से केकेआर के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राणा ने पिछले 2 सीजन में केकेआर से खेलते हुए कुल 34 विकेट लिए थे।





### सैम कर्रन (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर सैम कर्रन भी आगामी सीजन में नहीं खेलते दिखेंगे। दरअसल, ग्रोइन इंजरी के चलते वह इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। आरआर ने उनकी जगह पर श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर दासुन शनाका को शामिल किया था। कर्रन अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में शनाका के पास अच्छा मौका होगा। बता दें कि शनाका को नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था।

### नाथन एलिस (सीएसके)

चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के पूरे 2026 सीजन में अपने स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ नाथन एलिस के बिना ही खेलना होगा। इस तेज़ गेंदबाज को सीएसके ने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस साल की नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। एलिस ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 17 मैचों में 28.73 की औसत के साथ 19 विकेट लिए थे।

### आकाश दीप (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के आकाश दीप भी चोट के कारण आगामी सीजन से बाहर हो चुके हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पिछले सीजन में एलएसजी से 3 विकेट लिए थे। अपने आईपीएल करियर में उन्होंने कुल 10 विकेट लिए हैं। उनकी जगह पर केकेआर की टीम ने सौरभ दुबे को शामिल किया है। सौरभ एक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जो घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं।




## खबर संक्षेप

### डेनमार्क के पीएम का हार के बाद इस्तीफा



**नई दिल्ली।** डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया है। चुनाव में उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को सिर्फ 38 सीटें ही मिलीं। वह जून 2019 में डेनमार्क की पीएम बनीं और 2022 में दोबारा जीत हासिल की। मेटे 41 साल की उम्र में पद संभालने वाली देश की सबसे कम उम्र की पीएम बनी थीं। ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अड़ गई थीं।

### क्रिप्टो के जरिए हारिश को कर रहे थे टेरर फंडिंग




**मुरादाबाद।** संदिग्ध आतंकी हारिश मुरादाबाद समेत पश्चिम यूपी के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ जोड़ रहा था। हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिए लाखों रुपये भेजे गए थे। एटीएस पूछताछ में खुलासा हुआ है। यह बात एटीएस की पूछताछ में सामने आई है।

### आईआईटी जैम की टॉपर लिस्ट जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे ने 26 मार्च को जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स के सभी विषयों के स्कोरकार्ड और टॉपर्स की सूची जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट और मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। केमिस्ट्री में आयुषी अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया है। फिजिक्स में सर्वेश गुप्ता अव्वल रहे।

### दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद आग, 3 जिंदा जले



**बांदा।** महोबा-बांदा नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 3लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कस्बा थाना से 3 किमी दूर मुंडेरी मोड़ के पास हुई। कबरई से बांदा जा रहे गिट्टी भरे ट्रक के चालक सुरेश पांडे और महोबा जा रहे खाली ट्रक के चालक सूरज नाथ की मौत हो गई।

### गेट कॉप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू




**नई दिल्ली।** 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शानदार खबर है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज यानी 26 मार्च से शुरू हो गई है। ऐसे में जिन इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी आधिकारिक वेबसाइट coap2026.iitr.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## यूएन ने जताई चिंता

# संघर्ष का सबसे बुरा असर गरीबों और कमजोरों पर: गुटेरेस

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे कमजोर आबादी पर पड़ रहा है। उन्होंने युद्ध को तत्काल खत्म करने और कूटनीति के लिए एक नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष के मानवीय परिणाम उन नागरिकों द्वारा भुगते जा रहे हैं जिनकी इस संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के झटके उन लोगों को सबसे अधिक लग रही हैं जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है: सबसे गरीब और सबसे कमजोर।



### युद्ध को जल्द खत्म करें

गुटेरेस ने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की आपूर्ति रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।

### लेबनान से शुरू करेंगे बफर जोन बढ़ाने की योजना: इजराइल



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की सीमा पर देश के बफर जोन को बढ़ाने की योजनाओं का ऐलान किया है। नेतन्याहू ने बफर जोन बढ़ाने के इन उपायों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हर मायने में सीमाओं को तोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इजराइल सरकार इन कार्रवाइयों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बता दें, बफर जोन वह क्षेत्र होता है जो दो विरोधी देशों, सेनाओं या विवादित सीमाओं के बीच बनाया जाता है। , ताकि सीधे टकराव को रोका जा सके और तनाव कम हो। यह इलाका अक्सर सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखा जाता है या यहां सीमित उपस्थिति होती है।

### इजराइली सेना दिखा रही ताकत लेबनान में 2 की मौत, 8 घायल

दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के हारूफ कस्बे में इजराइल के हवाई हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हुए। हमले के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में 3 लोगों की मौत और 11 घायल हुए थे। वहीं, इजराइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में चल रहे उसके अभियान के दौरान एक सैनिक शहीद हो गया है। सेना ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि गोलानी ब्रिगेड के 21 वर्षीय सैनिक ओरी ग्रीनबर्ग शहीद हो गए।

### ईरान पर जारी हमले में दो किशोरों की मौत

बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इजराइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी फार्स प्रांत स्थित लमर्द इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी और इजराइली हमले में प्रोजेक्टाइल गिरे। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान सीमित है। इससे पहले लमर्द क्षेत्र में हुए हमलों में नागरिक हताहत हुए थे, जिससे इलाके की संवेदनशीलता बढ़ गई है।

## ट्रंप का नई युद्धनीति

### ईरान में उतर सकती है 82वीं एयरबोर्न डिवीजन टुकड़ी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी ईरान में उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि संघर्ष में अपने कुछ लक्ष्यों को तुरंत पूरा किया जा सके। इस डिवीजन के कुछ हिस्से को क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है। अमेरिका खर्ग द्वीप पर संभावित जमीनी हमले पर विचार कर रहा है। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को दुनियाभर में अपनी तेजी के लिए जाना जाता है। आदेश मिलने के महज 18 घंटे के अंदर यह डिवीजन अपने लगभग 3,000 सैनिकों यानी एक पूरी ब्रिगेड को दुनिया में कहीं भी तैनात करने में सक्षम है। इसकी भूमिका पारंपरिक सैन्य बलों से भी अलग होती है और आमतौर पर आपात स्थिति में ही इन्हें तैनात किया जाता है। इनका काम सबसे पहले घुसकर शुरुआती अनिश्चित माहौल को स्थिर करना और पीछे से आ रही भारी सेना (जैसे मरीन या बख्तरबंद बल) के लिए सुरक्षित रास्ता बनाना होता है। इसके सैनिक पैदल सेना को मिलने वाले मानक हथियारों, टैंक-रोधी प्रणाली और पोर्टेबल संचार उपकरणों से लैस होते हैं।



आधुनिक युद्ध के लिए यह बल स्मार्ट मशीनों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहा है, जिससे इनकी मारक क्षमता आम सेनाओं से 300% दर्ज की गई है।

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच होर्मुज से भारत के लिए खुशखबरी

### भारत सहित पांच देशों के लिए ईरान ने खोला होर्मुज स्ट्रेट, ऊर्जा संकट कम होने की उम्मीद

**तेहरान/ मुंबई (एजेंसी)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अब साथी देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देगा। इन देशों में भारत भी शामिल है, साथ में चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान का नाम भी लिया गया है। इसका मतलब है कि भारत के जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित गुजरने दिया जाएगा। हालांकि, एक शर्त रखी गई है कि जहाजों को पहले ईरान के अधिकारियों से समन्वय करना होगा। इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की सप्लाई रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।



अब्बास अराघची

### एलपीजी से भरा एक और टैंकर होर्मुज पार करके पहुंचा भारत

इधर, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते एलपीजी से भरा एक और टैंकर भारत आया है। इसका नाम अपोलो ओशन है। ये टैंकर न्यू मेंगलोर पोर्ट पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि अपोलो ओशन नाम के इस टैंकर में 17,600 मीट्रिक टन एलपीजी भरी है। इसकी सप्लाई इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को की जाएगी। इसके अलावा कई और एलपीजी से भरे टैंकर भारत पहुंचने वाले हैं। इनमें जग वसंत नाम का टैंकर देर रात तक पहुंच जाएगा। ये गुजरात के वाडीनार बंदरगाह पर आएगा। ये टैंकर 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते एक और एलपीजी से भरा टैंकर भारत आ रहा है। टैंकर के शुक्रवार की सुबह न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचने की उम्मीद है। इसमें 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई है।

## ट्रम्प बोले- ईरान ने हमें 10 तेल टैंकर गिफ्ट किए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने देकर गिफ्ट दिया। उन्होंने कहा कि इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक में ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने खुद प्रस्ताव दिया था कि वह 8 बड़े ऑयल टैंकर जाने देगा, ताकि बातचीत को लेकर गंभीरता दिखा सके। उन्होंने दावा किया कि बाद में ईरान ने माफी जताते हुए 2 और टैंकर भेजे। इस दौरान ट्रम्प ने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मजाक में कहा कि उम्मीद है इस खुलासे से बातचीत पर असर नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक, इस कदम से अमेरिका को भरोसा हुआ कि बातचीत सही दिशा में बढ़ रही है।

## कई देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बातचीत, वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

# दो दिवसीय फ्रांस दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, जी-7 बैठक में लेंगे हिस्सा

**होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान देंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए गुरुवार को फ्रांस रवाना हुए। वे एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्नें की यात्रा करेंगे। जयशंकर जी-7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. जयशंकर फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट के बुलावे पर बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान, उनके अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करने की भी उम्मीद है।

इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में यूक्रेन में चल रहे युद्ध, पुनर्निर्माण की कोशिशों, समुद्री सुरक्षा की चिंताओं और ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम में सुधार जैसे कई जरूरी वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होनी है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### फ्रांस ने भारत को आमंत्रित किया

*हालांकि भारत जी7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है।*

### जी-7 लीडर्स समिट की तैयारी पर भी होगा विचार

(यूएनएचआरसी) के प्रवक्ता पास्कल कॉन्फावरेक्स ने कहा कि यह बैठक यूएन जनरल असेंबली के दौरान हुई इनफॉर्मल कंसल्टेशन के तुरंत बाद हो रही है और आने वाले जी-7 लीडर्स समिट के लिए तैयारी का मंच होगा। यह सब इवियन समिट की तैयारी में खत्म होगा। यह 13 से 15 जून के बीच होगा। मंत्री स्तर पर चर्चा से नेताओं की बातचीत के नतीजों को आकार देने में मदद मिलेगी। बैठक में वैश्विक संकट और लंबे समय की स्ट्रक्चरल चुनौतियों, दोनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट पर अलग सत्र

फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे। इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए। प्रवक्ता पास्कल ने कहा कि एक बड़ा फोकस एरिया यूक्रेन होगा, जिसमें रिकंस्ट्रक्शन और क्षेत्रीय सुरक्षा पर खास सेशन होंगे।

### समुद्री सुरक्षा पर जोर

*यूरोपीय बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट जैसे संस्थान की भूमिका पर भी जोर दिए जाने की उम्मीद है, खासकर यूक्रेन की रिकवरी के लिए इन्वेस्टमेंट जुटाने में। मीटिंग में मैरीटाइम सिक्योरिटी और सप्लाई चेन रेजिलिएंस पर भी बात होगी। एक अलग सत्र में मैरीटाइम रूट और नेविगेशन की आजादी पक्का करने पर भी फोकस किए जाने की उम्मीद है। गवर्नेंस के मुद्दे पर, जी-7 मल्टीलेटरल सिस्टम को मजबूत करने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है। ग्लोबल गवर्नेंस फ्रेमवर्क को मॉडर्न बनाने की कोशिशों की ओर इशारा करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि आम तौर पर, इससे अलग-अलग देशों की संप्रभुता को खतरे में डालने वाले हॉरिजॉन्टल खतरों को जोड़ने के लिए और नए तरीके अपनाए जाएंगे।*

## बीमार होना पड़ेगा मरीजों को भारी

### 1 अप्रैल से 1000 दवाएं होंगी महंगी छोटी-बड़ी बीमारियों पर होगा असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1 अप्रैल 2026 से दर्द की दवाएं, एंटीबायोटिक दवाएं और बुखार कम करने वाली कई जरूरी दवाओं के दाम बढ़ जाएंगे। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल 1000 से ज्यादा दवाओं के दामों में मामूली बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है। यह बढ़ोतरी डब्ल्यूपीआई के आधार पर हो रही है। एनपीपीए ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में डब्ल्यूपीआई में पिछले साल की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी आधार पर इन दवाओं की कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही है। इस बढ़ोतरी से कई आम दवाएं प्रभावित होंगी।

## मप्र हाई कोर्ट का अहम फैसला

### पति-पत्नी के बीच संबंधों पर धारा 377 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता

**जबलपुर (हरिभूमि न्यूज)।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पतिपत्नी के बीच सहमति या असहमति से जुड़े शारीरिक संबंधों को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अप्राकृतिक अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना के प्रकरण को निरस्त करने की मांग की थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि धारा 377, जिसमें ओरल और एनल सेक्स से जुड़े तथाकथित अप्राकृतिक कृत्यों का उल्लेख है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती। यानी धारा 377 आईपीसी, जिसे पारंपरिक रूप से 'अप्राकृतिक कृत्य' से जोड़कर देखा गया है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती।

## बांग्लादेश में दर्दनाक हादसा

### बस के नदी में गिरने से 24 लोगों की मौत, इनमें 11 महिलाएं और 5 बच्चे भी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक बस के परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश के दौरान नदी में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण-पश्चिमी राजबारी जिले में दौलादिया टर्मिनल पर बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे पद्मा नदी में गिर गई। ढाका जा रही इस बस में बच्चों समेत करीब 40 यात्री सवार थे और उनमें से अधिकतर ईद की छुट्टियां मनाकर राजधानी लौट रहे थे। स्थानीय अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, 24 शव बरामद किए गए हैं। बस के अंदर से 11 महिलाओं, 6 पुरुषों और 5 बच्चों समेत 22 लोगों के शव मिले। दमकल सेवा के अधिकारी सोहेल राणा ने कहा कि हमजा (बचाव पोत) ने क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि गोताखोरों ने इससे पहले दो महिलाओं के शव बरामद किए थे और शेष 22 शव खराब मौसम के बीच छह घंटे के प्रयास के बाद बस को नदी से बाहर निकाले जाने पर बुधवार मध्यरात्रि के करीब मिले।



नदी में गिर गई बस

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल के ऐतिहासिक पल का गवाह बना

# श्रीनगर के रघुनाथ मंदिर में 36 साल बाद राम नवमी पूजा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित रघुनाथ मंदिर गुरुवार को एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब 36 वर्ष बाद इस सौ साल पुराने मंदिर में राम नवमी की पहली पूजा आयोजित की। इस खास अवसर पर न सिर्फ हिंदू श्रद्धालु जुटे, बल्कि उनके मुस्लिम पड़ोसी भी साथ खड़े नजर आए, जिससे माहौल भाईचारे और सौहार्द से भर उठा। हालांकि, मंदिर में अभी मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम जारी है, फिर भी मंदिर प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए पूजा का आयोजन किया। राम नवमी के अवसर पर शहर के अन्य मंदिरों, जैसे शंकराचार्य मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पर्यटकों और सुरक्षा बलों ने भी स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ मिलकर उत्सव में भाग लिया।



रघुनाथ मंदिर

### दान से पुनर्निर्माण में सहयोग

समिति के महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि 36 साल बाद यहां राम नवमी की पूजा हो रही है। हममें से कुछ लोग जम्मू से आए हैं, लेकिन देश-विदेश से कई लोगों ने दान देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी मूर्ति स्थापना नहीं हो सकी है।

### कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी

कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवाल पर सुनील कुमार ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं है, जब तक कश्मीरी मुस्लिम समुदाय का सहयोग न मिले। उन्होंने कहा, "सरकार हमें एक साल में बसाकर पुनर्वास कर सकती है, लेकिन हमारी वापसी के लिए कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी है। इस अवसर पर स्थानीय मुस्लिम निवासी गुलाम हसन भी मंदिर पहुंचे और उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित और मुसलमान भाई-भाई हैं। हम दशकों से साथ रहते आए हैं।

### *वैष्णो देवी मंदिर में 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे*



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में प्रार्थना की। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च तक 2,69,716 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हालांकि, यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को 31,815 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, जबकि 20 मार्च को 34,805, 21 मार्च को 41,078, 22 मार्च को 43,482, 23 मार्च को 45,478, 24 मार्च को 38,158 और 25 मार्च को 34,900 श्रद्धालुओं ने मंदिर का दौरा किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28